वर्ष 24, अंक 297, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 4 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए भारत प्रतिबद्ध

**हैदराबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति लौरेंको और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 38 साल बाद अंगोला के राष्ट्रपति भारत आए हैं। उनकी यात्रा न केवल भारत और अंगोला के बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाली है, बल्कि भारत-अफ्रीका संबंधों को भी मजबूत करने वाली है। मोदी ने कहा कि भारत और अंगोला अपने राजनीतिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। जब अंगोला अपनी आजादी के लिए लड़ रहा था, तब भारत उसके साथ खड़ा था। आज हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदार हैं। भारत तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपने ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का फैसला किया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की रक्षा ऋण सहायता प्रदान करेंगे।



उन्होंने कहा कि हम अंगोला के सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण में सहायता करके खुश होंगे। अपनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करेंगे।

आज, हमने स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों में अपने संबंधों को और मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। अंगोला में योग और बॉलीवुड की लोकप्रियता हमारे सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती का प्रतीक है।

## पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी से पहली बार मिले उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली:** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शनिवार (03 अप्रैल, 2025) को मुलाकात की है. ये मुलाकात प्रधानमंत्री आवास पर हुई और करीब आधे घंटे तक मीटिंग चली. सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच हमले के बाद उभरती स्थिति पर चर्चा हुई. सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला प्रधानमंत्री मोदी के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित किए जाने और इसके प्रभाव पर भी चर्चा की है, जिसका सबसे अधिक असर जम्मू-कश्मीर पर पड़ेगा. इस आतंकी हमले के बाद उमर अब्दुल्ला ने कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि उनकी राजनीति इतनी ओछी नहीं है कि इस त्रासदी के समय अपनी सरकार से पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करें. 'ये वक्त समर्थन जताने का है'उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान कहा था, "जम्मू-कश्मीर फिलहाल चुनी हुई सरकार की जिम्मेदारी नहीं है लेकिन मैं इस मौके का इस्तेमाल राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करना चाहता।



## मुंबई में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है : रेल मंत्री



**मुंबई**

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई के बीकेसी में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। वैष्णव ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में निमार्णाधीन भूमिगत स्टेशन का दौरा किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की। रेल मंत्री के साथ नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों के साथ ही मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे के प्रतिनिधि भी थे। एनएचएसआरसीएल 500 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है।

वैष्णव ने कहा कि सबसे निचले ह्यबी3 बेसमेंट लेवलह्ल का काम पूरा हो चुका है। रेल मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यबीकेसी में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम बहुत तेजी से चल रहा है। स्टेशन की दीवार का काम शुरू हो चुका है और साथ ही सुरंग का काम भी बहुत तेजी से जारी है।

उन्होंने कहा कि सुरंग वाले हिस्से (शील फाटा) से आगे, भूमि अधिग्रहण के बाद महाराष्ट्र खंड में सभी निर्माण कार्य तेज गति से जारी हैं। मंत्री ने कहा कि बीकेसी स्टेशन पर एक बहुमंजिला संरचना की योजना बनाई गई है।

## कम्युनिटी रेडियो सिर्फ मीडिया नहीं, सशक्तिकरण की प्रक्रिया है: डॉ. एल. मुरुगन

**मुंबई**

**मुंबई,** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय जन संचार संस्थान के सहयोग से आज 8वां राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह सम्मेलन मंत्रालय की प्रमुख पहल हअश्एर 2025 के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य भारत में सामुदायिक मीडिया परिदृश्य को नवाचार, समावेशिता और प्रभाव के माध्यम से सशक्त करना है।

सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि कम्युनिटी रेडियो सिर्फ मीडिया नहीं, यह शासन की सक्रियता है, यह व्यवहारिक सशक्तिकरण है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल एक विचार-विमर्श मंच नहीं, बल्कि "जनता की आवाजों का उत्सव है—वास्तविक, प्रामाणिक और जमीनी आवाजें, जो उन स्थानों से उठती हैं, जहाँ मुख्यधारा की मीडिया अक्सर नहीं पहुंचती।" डॉ. मुरुगन ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सामुदायिक रेडियो की भूमिका की सराहना की और इसे हाशिए पर रह रहे समुदायों के लिए एक "जीवनरेखा" और "लोकतंत्र की सच्ची भावना" बताया। उन्होंने भारत को डिजिटल संचार में वैश्विक लीडर बताते हुए, देश भर में 531 से अधिक कार्यरत सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की भूमिका को रेखांकित किया और सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस सम्मेलन की प्रमुख विशेषता 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कारों का वितरण भी रहा, जिसमें 12 उत्कृष्ट रेडियो स्टेशनों को सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक प्रभाव में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. एल. मुरुगन ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार, समावेशिता और प्रभाव के माध्यम से भारत में सामुदायिक मीडिया को मजबूत करना है।




## समाज के सभी वर्ग के सही आंकड़े सामने आने चाहिए- खड़गे

**कलबुर्गी। कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार द्वारा जाति जनगणना की बात अचानक मान लेने पर हैरानी जताते हुए कहा कि इसमें सभी वर्गों के सही आंकड़े सामने आने चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने शनिवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में जाति जनगणना के सवाल पर कहा कि इस जाति जनगणना के बारे में उन्होंने दो साल पहले पत्र लिखा था।

## जो डर गया वो मर गया... फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की वापस लौटने की अपील

**जम्मू-कश्मीर**

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बड़े पैमाने पर वापसी का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति आतंकवादियों के मुंह पर जोरदार तमाचा होगी और यह क्षेत्र की दृढ़ता का प्रमाण होगी। पहलगाम में एक शोक सभा में डॉ. अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की और प्रतिकूल परिस्थितियों में लोगों की एकता की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वालों का जिक्र करते हुए कहा, "लोगों की एकता और दृढ़ता के कारण उनके चेहरे काले पड़ जाएंगे।"फारूक अब्दुल्ला ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर के लोग डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने कहा, "हम डरने वाले नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर हमारा है और हम इस खूबसूरत भूमि को संजोकर रखेंगे और उसका निर्माण करेंगे जो अल्लाह ने हमें दी है।" उन्होंने कहा कि हालात सामान्य हैं। ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को यहाँ आना चाहिए। उन्हें डरना नहीं चाहिए। 'जो डर गया वो मर गया'। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे पहलगाम, गुलमर्ग, श्रीनगर और कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जरूर आएँ।



## राकेश टिकैत के विरोध में उतरा ये किसान संगठन

### कहा- खालिस्तानियों से है इनका संबंध



**मुजफ्फरनगर: भारतीय** किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत के साथ भरी सभा में हुई धक्का मुक्की और पगड़ी उछालने का मामला गरमाता जा रहा है. जिसको लेकर राकेश टिकैत की ओर से मुजफ्फरनगर में बड़ी पंचायत हुई और इसमें दूर-दराज से लोग शामिल होने पहुंचे. वहीं आगरा में राकेश टिकैत के विरोध में भारतीय किसान यूनियन अटल उत्तर आया है. भारतीय किसान यूनियन अटल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौधरी ने राकेश टिकैत पर गंभीर आरोप लगाए हैं और कहा कि इनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए. इसके साथ ही सरकार से मांग है कि गलत बयानबाजी करने वाले राकेश टिकट पर कार्रवाई करें. भारतीय किसान यूनियन अटल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौधरी ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि किसान नेता राकेश टिकैत के साथ जो कुछ भी हुआ है उसमें हमारे कार्यकर्ता शामिल हैं. यह किसी और ने नहीं किया और ना ही इसमें कोई अन्य बिरादरी शामिल है, जिन्होंने राकेश टिकैत की पगड़ी पर हाथ डाला वह भी सब जाट हैं. राकेश टिकैत जाटों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं. अमित चौधरी ने राकेश टिकैत पर बोलते हुए कहा कि यह वही राकेश टिकैत हैं जिन्होंने 2021 में लाल किले पर खालिस्तान का झंडा लगाया था और देश का सिर शर्म से झुका दिया था, किसान आंदोलन से राकेश टिकैत ने पगड़ी लगाना शुरू किया है उससे पहले कभी पगड़ी नहीं बनते थे. यह पगड़ी खालिस्तानियों की पहचान है, यह उनके प्रवक्ता बनकर उनकी बात को कहते हैं. जिस तरह से उन्होंने जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने का विरोध किया था ।

### भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी जहाजों की नो एंट्री, प्रतिबंध लगाया गया

## नो हथियार... अब ऐसे आतंकी देश को 'छठी का दूध' याद दिलाएगा भारत

**नई दिल्ली**

**भारत** ने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े दंडात्मक कदमों की घोषणा की, जिसमें सभी आयातों पर रोक, डाक सेवाओं को निलंबित करना और तत्काल प्रभाव से पाकिस्तानी जहाजों को बंदरगाह तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। यह कदम पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद बढ़े तनाव को दशार्ता है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।



सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि यह आदेश "सार्वजनिक हित में और भारतीय शिपिंग के हित में भारतीय संपत्तियों, कार्गो और संबंधित बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए" लागू किया गया था। यह निर्देश तुरंत प्रभावी हो गया और अगली सूचना तक लागू रहेगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा 2 मई को जारी की गई अधिसूचना, जिसे अब विदेश व्यापार नीति 2023 में शामिल किया गया है, में कहा गया है: "पाकिस्तान से आने वाले या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात किए जा सकें या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।" किसी भी छूट के लिए स्पष्ट सरकारी मंजूरी की आवश्यकता होगी। डाक विभाग ने हवाई और भूमि मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान से सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को एक साथ निलंबित कर दिया है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि यह निलंबन पहलगाम हमले में पहचाने गए "सीमा पार संबंधों" के जवाब में है और उन्होंने "हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा" देने की कसम खाई। सेवाओं को निलंबित करने का आदेश संचार मंत्रालय के तहत काम करने वाले डाक विभाग द्वारा जारी किया गया था। 22 अप्रैल के हमले में "सीमा पार संबंधों" का हवाला देते हुए, भारत ने हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का वादा किया है। शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों को आतंकी हमले के लिए भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने की "पूर्ण परिचालन स्वतंत्रता" है।

## अगर भारत ने बांध बनाया तो हमला कर देंगे...

### सिंधु के पानी को लेकर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री की नई गीदड़भभकी

**पाकिस्तान**

**पहलगाम** आतंकवादी हमले को लेकर बढ़ते तनाव के बीच भारत को ताजा धमकी देते हुए पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी कि अगर भारत ने सिंधु नदी पर कोई संरचना बनाई और सिंधु जल संधि का उल्लंघन किया तो इस्लामाबाद हमला करेगा। ख्वाजा आसिफ ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि सिंधु नदी पर किसी भी संरचना का निर्माण भारतीय आक्रमण के रूप में देखा जाएगा। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया के रूप में सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।



जब उनसे पूछा गया कि यदि भारत सिंधु बेसिन पर बांध बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है तो पाकिस्तान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो आसिफ ने कहा कि यह पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामकता होगी। यदि उन्होंने (भारत ने) इस तरह का कोई वास्तुशिल्प प्रयास भी किया तो पाकिस्तान उस संरचना को नष्ट कर देगा।

## 'मोदी-शाह मुझे बम दें, मैं पाकिस्तान जाकर सबको उड़ा दूंगा...

### कर्नाटक के मंत्री जमीर खान का बयान, बीजेपी ने बताया बचकाना

**कर्नाटक**

**कर्नाटक** के मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान ने शुक्रवार को कहा कि वह आत्मघाती बम पहनकर पाकिस्तान जाने को तैयार हैं। यह टिप्पणी पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध करने की जरूरत पड़ी तो वह लड़ने के लिए तैयार हैं।

आवास, वक्फ और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री खान ने कन्नड़ और अंग्रेजी में बोलते हुए कहा, "हम भारतीय हैं, हम हिंदुस्तानी हैं, हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई संबंध नहीं है। अगर हमें उनके खिलाफ युद्ध करने की जरूरत पड़ी तो मैं लड़ने के लिए तैयार हूं।" कांग्रेस नेता ने मुट्ठियां भींचते हुए कहा, "एक मंत्री के तौर पर अगर वे मुझे भेजते हैं तो मैं अग्रिम मोर्चे पर जाऊंगा। अगर जरूरत पड़ी तो मैं आत्मघाती बम पहन लूंगा। मैं मजाक नहीं कर रहा हूं और न ही आवेग में बोल रहा हूं। अगर देश को मेरी जरूरत है तो (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी और (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह मुझे आत्मघाती बम दें, मैं उसे पहनकर पाकिस्तान चला जाऊंगा।"



खान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने इसे बचकाना बताया। एक रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है, "सेना पर विश्वास रखें और चुप रहें - यही काफी है। आपको भाषण देने या वहां जाने की जरूरत नहीं है। हमारे सैनिकों और खुफिया एजेंसियों पर विश्वास रखें और चुप रहें। यह देश के लिए आपकी सबसे बड़ी सेवा होगी।" जोशी ने कहा, "यह सुनिश्चित करना कि इस तरह के बयानों से हमारे सैनिकों का मनोबल कम न हो, जमीर की सबसे बड़ी सेवा होगी। जमीर और उनकी पार्टी को बहुत-बहुत नमस्कार, अगर वे चुप रहें।"

जमीर अहमद खान कौन हैं?

खान सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार में आवास, वक्फ और अल्पसंख्यक मामलों के कैबिनेट मंत्री हैं। वह राज्य विधानसभा में चामराजपेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, खान ने जनता दल (सेक्युलर) के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की और 2005 में चामराजपेट से विधायक चुने गए।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव सशक्त भारत की ओर एक कदम : स्वतंत्र देव सिंह कैबिनेट मंत्री



कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत करते हुए



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** बृज कुंज गेस्ट हाउस जंघई, प्रतापपुर विधानसभा में युवा परिचर्चा आयोजित वन नेशन, वन इलेक्शन संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गंगापार जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान एवं कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पटेल द्वारा आयोजित एक राष्ट्र - एक चुनाव विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि नीति निर्माण और सुशासन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा और यह प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत वर्ष में एक साथ सभी चुनाव संपन्न होंगे तो समय और संसाधनों की बचत होगी और नीति निर्माण और सुशासन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार निर्मला पासवान ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का संकल्प है। यह अभियान भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने, समय व संसाधनों की बचत करने, और विकास कार्यों में गति लाने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा जनप्रतिनिधियों एवं उर्जावान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस अभियान को नई ताकत दी है हम सबका संकल्प है एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र चेयरमैन अमरनाथ यादव, हरिभूषण सिंह, रामलोलारख सिंह, रामधारी सरोज मंडल अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख कौड़िहार सुभाष चन्द्र पटेल, संजय पटेल पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, अनिकेश पटेल जिला पंचायत सदस्य, संदीप गुप्ता उर्फ तोगड़िया, सूबेदार गुप्ता, मनोज दुबे, आशुतोष पांडेय, कुशलेष दुबे, अरविंद विश्वकर्मा, प्रदीप बिंद, धर्मेंद्र पटेल, ब्रह्मचारी जायसवाल, सभाजीत मिश्रा, कमलेश मौर्य, समरजीत मौर्य, आशुतोष त्रिपाठी, कमला प्रसाद पांडेय, साहेब लाल, त्रिभुवन गौड़, प्रशांत, रमेश केसरवानी, दीपक केसरवानी, आशीष मिश्र, प्रमोद अजीत मिश्र रिंकू, विकास यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रयाग संगम सेवा संस्थान ने उपजिलाधिकारी बारा के नेतृत्व में गौरैया बचाओ के तहत अभियान चलाया गया



**जसरा।** बारा तहसील में तहसील दिवस के अवसर पर पक्षियों के पानी पीने के लिये उपजिलाधिकारी बारा संदीप तिवारी ने पानी के बर्तन रखें और संस्थान की तरफ से आये हुऐ सभी फरियादिओं को एक एक मिट्टी का कसोला दिया गया और उपजिलाधिकारी बारा संदीप तिवारी ने आये हुऐ सभी अधिकारियों व शिकायत कताओं से अपने घर की छत पर पक्षीओ के लिये बर्तन रखने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित रहे खण्ड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद, ए शी पी बारा, नायब तहसीलदार बारा, संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा उपाध्यक्ष राम जी त्रिपाठी, प्रदीप द्विवेदी,जावेद अख्तर,कृपाशंकर त्रिपाठी, संदीप कुमार,अविनाश त्रिपाठी, अर्जुन प्रजापती, विजयराज प्रजापती, करुणा सागर बिन्द आदि लोग मौजूद रहे।

### मानस रामलीला समिति के अध्यक्ष के द्वारा राहगीरों के लिए किया जल व गुड़ की व्यवस्था



**चक भटाही के पार्षद ने किया उद्घाटन**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में जल ही जीवन है के स्लोगन पर मानस रामलीला समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव उर्फ धीरू के नेतृत्व में शनिवार को कॉटन मिल तिराहा पर राहगीरों के लिए पानी पीने की व्यवस्था की गई। जिसका उद्घाटन चक भटाही पार्षद मयंक यादव ने किय। वहीं उन्होंने कहा कि स्कूल की छुट्टी होती है छोटे-छोटे बच्चे जाते हुए भी यहां पर पानी पी सकते हैं। इस अवसर पर मानस रामलीला के अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में राह चलने वाले लोगों के लिए पानी की समस्या को देखते हुए धीरेन्द्र यादव ने प्रतिज्ञा लिया है कि नैनी के प्रत्येक चौराहों पर राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था खुद की पूंजी लगाकर कराऊंगा। इसी क्रम में कॉटनमिल तिराहे पर भी शनिवार को पानी पीने की व्यवस्था का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा मेवालाल की बगिया, रामनगर चौराहा व शिवनगर चौराहे पर भी पानी की व्यवस्था मानस रामलीला समिति के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर सतीश श्रीवास्तव, नयन कुमार कुशवाहा, नंदू भाई आजाद, भोला केसरवानी, पप्पू केसरवानी, राजकुमार कुशवाहा, बाबूजी यादव, महेश यादव, रिंकू यादव, संजय श्रीवास्तव आदि सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अज्ञात बदमाशों ने अधिवक्ता को मारी गोली, फैली सनसनी

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** सोरांव थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार अधिवक्ता को गोली मार दी। लहूलुहान अधिवक्ता सड़क के किनारे गिर गए। यह देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। अधिवक्ता को दो गोली मारी गई है। एसआरएन में हालत नाजुक बनी हुई है। दिन दहाड़े वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है।

सोरांव थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के पास ददौली लकड़मंडी के पास अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार अधिवक्ता को गोली मार दी। लहूलुहान अधिवक्ता सड़क के किनारे गिर गए। यह देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर



पहुंची सोरांव पुलिस ने उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। हमलावरों के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। घायल अधिवक्ता मान सिंह यादव पुत्र फूलचन्द्र यादव किंगरिया का पूरा थाना मऊआइमा के रहने वाले है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। अधिवक्ता को दो गोली मारी गई है। इससे इलाके में दहशत फैल गई है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में जमीन को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है।

मऊआइमा के किगिरियां का पूरा गांव के रहने वाले अधिवक्ता मान सिंह यादव पुत्र फूलचंद जनपद न्यायालय में वकालत करते हैं। वह शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर से मोटरसाइकिल से सोरांव तहसील जा रहे थे। इस दौरान वह सोरांव थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के सामने प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे पर पहुंचे थे कि पीछे से बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। गोली मारने वाले बदमाशों में से एक ने हेलमेट पहना था। दूसरे ने नकाब बांध रखा था। मान सिंह यादव के पीठ मे गोली लगी है। घायल होने के बाद मान सिंह यादव गिर पड़े। उधर, फायरिंग की आवाज से ग्रामीण घटनास्थल के लिए दौड़े तभी हमलावरों ने दूसरी फायरिंग भी झोंक दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मानसिंह यादव को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल भेज दिया। अधिवक्ता को दो गोलियां मारी गई हैं। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

> "दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने मारी गोली, घायल अधिवक्ता ने दो संदिग्ध व्यक्तियों के नाम लिए हैं, उनका जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा है, हमलावरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।"
>
> **- कुलदीप सिंह गुनावत, डीसीपी गंगानगर।**

# मऊआइमा में एक्सपायर कोल्डड्रिंक की बिक्री जोरों पर

**मिलावटी मिष्ठान हर दुकानों पर बिकने से हर कोई परेशान**

**मऊआइमा।** इन दिनों चल रही ब्याह शादी तथा शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी में हर कोई कोल्डड्रिंक पीना चाहता है।बताते हैं कि नफाखोर दुकानदार एक्सपायर नामी कोल्डड्रिंक बेच रहे हैं। एक्सपायर कोल्डड्रिंक का सेवन करने वाले बताते हैं कि पीने से अजीब सी गंध आती है। जी मिचलाने लगता है। जानकार बताते हैं कि शादी ब्याह में धड़ल्ले से एक्सपायर कोल्डड्रिंक पीलायी जा रही है। गांव देहातों में तो इसकी जमकर बिक्री की जा रही है।यही नहीं बाजारों में नकली कोल्डड्रिंकों के अलावा मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में मिलावटी मिष्ठान भी धूम से बिक रही है। आरोप है कि फूड इंस्पेक्टर को केवल महीना लेने से मतलब है। लोगों का आरोप है कि फूड इंस्पेक्टर मऊआइमा क्षेत्र में देखायी नहीं देते। दुकानदार इंसानों के जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आला अधिकारियों से क्षेत्र में बिक रहे नकली कोल्डड्रिंक और मिलावटी मिष्ठानों की जांच की मांग की है।

# बार एसोसिएशन सोरांव अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न

## अध्यक्ष पद पर वामिक एजाज फारूकी तो महामंत्री पद पर राजेश शुक्ला ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** बार एसोसिएशन सोराव अधिवक्ता संघ का चुनाव पुलिस बल की मौजूदगी में शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें 6 पदों पर मतगणना हुई। जिसमें कुल 18 प्रत्याशी मैदान में रहे। वही मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कराया गया। जिसमें 5 बजे से मतगणना शुरू हुई कुल 582 मतों में से 552 मत डाले गए। वहीं मतगणना में सबसे पहले पुस्तकालय अध्यक्ष पर वीरेंद्र पटेल व शैलेंद्र पटेल प्रत्याशी रहे जिसमें 334 मत वीरेंद्र पटेल व 119 मत शैलेंद्र पटेल तथा 19 मत अवैध पड़े। इस प्रकार 135 मतों से वीरेंद्र पटेल विजई घोषित कर किए गए। वहीं संयुक्त मंत्री प्रशासन में कुल तीन उम्मीदवार रहे जिसमें राजा त्रिपाठी उर्फ नीरज त्रिपाठी,आनंद पटेल व गिरजा शंकर तिवारी रहे। जिसमें 155 मत राजा त्रिपाठी, 285 मत आनंद पटेल तथा 108 मत गिरजा शंकर तिवारी तथा 4 मत अवैध रहे। इस प्रकार से 130




नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर किया गया स्वागत

मतों से आनंद पटेल विजई घोषित किए गए। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सूर्य नारायण पांडेय तथा श्याम प्रकाश पटेल के बीच भयंकर टक्कर रही जिसमें 275 मत सूर्य नारायण पांडे व 272 मत श्याम प्रकाश पटेल तथा पांच मत अवैध पड़े। जिसमें कांटे की टक्कर के बीच तीन मतों से सूर्य नारायण पांडे को विजय घोषित किया गया।

वहीं कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद अरमान तथा राम अभिलाष यादव रहे जिसमें से 192 मत मोहम्मद अरमान तथा 348 मत राम अभिलाष तथा 12 मत अवैध रहे इस प्रकार से 156 मतों से राम अभिलाष विजई घोषित किए गए।

वही महामंत्री पद को लेकर भी कांटे की टक्कर रही जिसमें कुल पांच उम्मीदवार रहे जिसमें राजेश कुमार शुक्ला 235, राम प्यारे गौतम 229, राहुल शुक्ला 15, राहुल शुक्ला 15 सुशील पांडे 15 तथा रमेश प्रताप सिंह 57 मत तथा 1 मत अवैध पाए गए। केवल 6 मतों से राजेश कुमार शुक्ला विजय घोषित किए गए। वही सबसे सबसे महत्व पूर्ण पद अध्यक्ष पद पर राजेश मिश्रा, वामिक एजाज फारूकी, राकेश श्रीवास्तव, राजीव ओझा के बीच टक्कर रही जिसमें राजीव कुमार ओझा 104 राकेश श्रीवास्तव 7 मत वामिक एजाज फारुकी 250 मत और राजेश मिश्रा 190 मत पाकर वामिक एजाज फारूकी 60 मतों से विजई घोषित किए। इसमें सभी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए खूब जश्न मनाए। मिठाई खिला करके मुंह मीठा करवाया गया। चुनाव अधिकारी एल्डर कमेटी शशिकांत शुक्ला, सहायक चुनाव अधिकारी गामा लाल यादव, एल्डर कमेटी में जितेंद्र श्रीवास्तव, जंग बहादुर पटेल, चंद्रिका शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव तथा बालकृष्ण तिवारी सहित अन्य लोग रहे।

# सामान लेने आई युवती से की गयी अश्लील हरकतें, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** समान लेने आई यूवती से दो युवकों ने छेड़खानी करने लगे विरोध पर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।यूवती ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासनीय एक युवती का आरोप है कि वह सामान खरीदने राजेतारा चौराहा आयी थी। आरोप है कि वहीं पर दो युवकों ने छेड़खानी करने लगे। आरोप है कि विरोध पर हाथ पकड कर अश्लील हरकतें किए। बोलने पर मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। युवती ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर राजेतारा निवासी बृजेश कुमार और राजेश कुमार पुत्र गण सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# पीएम आवास सर्वे के लिए 15 दिनों तक बढ़ा समय सीमा

**अखण्ड भारत सन्देश**




**मांडा।** सरकार गरीबों को आवास देने के लिए बेहद संवेदनशील है लेकिन जिला व ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों की एक तरफ प्रधानमंत्री आवास के सर्वे में ढिलाई के कारण शासन द्वारा पुनः 15 दिनों का समय बढ़ा दिया गया है। वही अब 15 मई 2025 तक प्रधानमंत्री आवास का सर्वे होगा। इसके पहले भी दो बार समय सीमा शासन द्वारा बढ़ाया जा चुका है। उपरोक्त जानकारी बीडीओ मांडा अमित कुमार मिश्र ने दी कि मांडा विकास खण्ड के 69 ग्राम पंचायतो से प्रधानमंत्री आवास के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सर्वेक्षण कार्य जोर शोर से चल रहा है। 30 अप्रैल तक 8395 पात्र आवासों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। क्षेत्र के मांडा खास, कोसड़ा कला, राजापुर जैसे कुछ बड़ी ग्राम पंचायतो के प्रधानमंत्री आवास के सर्वेक्षण का काम अभी पूरा नहीं हो पाया है। जिससे सचिवों की खामिया गिनाई जा रही थी और आवास पात्र व अपात्र लोगों में बस यही चर्चा है कि सिस्टम जिसका ठीक है आज भी उन्ही लोगो को आवास मिल रहा है। कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा आवास के नाम जम कर धन उगाही की जा रही है।

# शराब के चलते एक की हत्या, तीन नामजद, एसीपी घटना स्थल पर पहुंचे, दिए कार्यवाही आदेश

**कंपोजिट मधुशालाओं का परिणाम**

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** कोरांव के ग्राम पियरी महुली में शराब पी कर एक साथी की हत्या कर दी। घटना बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे की है।

बता दें कि अनंत जीत विश्वकर्मा पुत्र जवाहरलाल ग्राम पियरी गैर प्रांत रहता था एक दिन पूर्व ही वह आया हुआ था और बाजार सब्जी लेने गया था। वहीं गांव के ही श्याम सुंदर पटेल व मनोज कुमार पुत्र अशफीर्लाल, मंगरू पुत्र आशिक राम निवासी ग्राम ने मिल कर दारू के चक्कर में हत्या कर दी। नाम जद तहरीर दी गई पुलिस



मृतक की फाइल फोटो

ने लाश को पीएम हाउस भेज दिया। कुछ को पुलिस ने उठा भी लिया है। घटना स्थल पर एसीपी मेजा रवि गुप्ता भी पहुंचे सबंधित को तत्काल गिरफ्तारी कार्यवाही का हुक्म दिया। मृतक तीन भाइयों में कुंवारा था।

चर्चा है कि जब से कंपोजिट मधु शालाएं गली गली खुली हैं तब से दारू के शौकीन बालिग नाबालिग सभी हो गए हैं। जिससे अपराध बढ़ने लगे हैं। सबसे अहम बात यह है कि शराब की दुकानें ज्यादातर आबादी, विद्यालय, अस्पताल, मंदिरों के पास खोले गए हैं जिससे जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभी तक कंपोजिट विद्यालय थे तो अब सरकार ने जगह जगह विद्यालय दवाखाना के बजाय कंपोजिट मधु शालाएं खोल दी हैं जिससे नागरिकों में नाराजगी है। सबसे ज्यादा महिलाएं नाराज हैं। यदि उक्त मधु शालाएं कस्बों घर के आसपास से दूर नहीं स्थापित हुई तो अप्रिय घटनाओं का सिलसिला बंद नहीं होगा।

# सहयोग से ही सम्भव हुआ 5 करोड़ श्रद्धालुओं का सुचारु संचालन : संजय सिंह

- महाकुंभ 2025 में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभूतियों का सम्मान
- अपराध नियंत्रण और सामाजिक सेवा के संगम पर हुआ भव्य समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित मनोरंजन गृह सभागार में जिला अपराध निरोधक समिति, प्रयागराज द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह महाकुंभ 2025 के दौरान किए गए विशिष्ट सामाजिक और जनहितकारी योगदानों को सम्मानित करने हेतु संपन्न हुआ।




मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि महाकुंभ 2025 के दौरान रेलवे द्वारा लगभग 5 करोड़ श्रद्धालुओं को सुविधाएँ प्रदान की गईं, जो अपने आप में एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस अद्भुत समन्वय और सफलता में जिला अपराध निरोधक समिति की सामाजिक भागीदारी सराहनीय रही। भविष्य में भी समिति और रेलवे मिलकर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसवानी ने समिति की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं, जो जनचेतना और सेवा भाव को मजबूती प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को अपराधमुक्त, सुरक्षित और समरस बनाने में ऐसी समितियाँ आज एक सशक्त स्तंभ बन चुकी हैं। समिति के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन समर्पित प्रयासों का प्रतीक है जो अपराध नियंत्रण, पुनर्वास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में मौन तपस्वियों की भांति काम कर रहे हैं।

समारोह के अंत में, महाकुंभ के दौरान असाधारण सेवाएँ देने वाले पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और समिति के सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को पूर्व कमिश्नर आर. एस. वर्मा, आर्य कन्या इंटर कॉलेज के चेयरमैन पंकज जायसवाल, सहायक मंडल अभियंता पी. के. श्रीवास्तव, आलोक गुप्ता, लक्ष्मी कांत मिश्रा, शोएब आलम, संदीप सोनी, जय केसरवानी, सोनिका केसरी, भावना त्रिपाठी, नगीना वर्मा, सुधा गौड़, नम्रता गुप्ता, श्वेता शर्मा, जोसना शुक्ला, मंजू रानी, लता सहित अनेकों गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने और अधिक बढ़ाया।संचालन की ओजपूर्ण भूमिका सतीश चंद्र मिश्रा ने निभाई।

# अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे रखी गुमटियों को रौंदा,एक व्यवसायी की मौत

**शनिवार सुबह करीब तीन बजे बाबूगंज बाजार में हुआ हादसा**

**अखंड भारत संदेश**


मृतक राम किशुन गुप्ता की फाईल फोटो


हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भारी भीड़

**फूलपुर।** तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी गुमटियों को रौंदते हुए सो रहे एक व्यवसाई को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेलर का चालक वाहन सहित आधा दर्जन से अधिक गुमटियों को रौंदते हुए फरार हो गया।

फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत बाबूगंज बाजार में प्राइमरी स्कूल की बाउंड्री किनारे दर्जनों गुमटियां रखी है। वहीं एक दुकान पर रामकिशुन गुप्ता पुत्र रामखेलावन गुप्ता भी अपनी परचून की दुकान चलाते हैं। ग्रामीणों ने बताया की रोज की भांति शुक्रवार रात में वो दुकान बंद कर बाहर टीन सेट के नीचे तखत पर सो रहे थे तभी शनिवार सुबह करीब तीन बजे फूलपुर से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर दुकान में जा घुसी। जिसकी चपेट में आने से रामकिशुन गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वही ट्रक प्राइमरी स्कूल के बाउंड्री के बाहर आधा दर्जन से अधिक गोमतीनुमा दुकानों को रौदते हुए मौके से फरार हो गया। सुबह जब अन्य दुकानदार मौके पर पहुंचे तो अपने क्षतिग्रस्त दुकान देखकर आवाक रह गए। क्षतिग्रस्त दुकानों में सुरेश चंद्र गुप्ता पुत्र लिखई राम गुप्ता की चाय पान की दुकान, गुड्डू कबाब पराठा की दुकान, महेश केसरवानी पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल की फल व पान की गोमती, त्रिलोकी नाथ गुप्ता पुत्र स्व जमुना प्रसाद गुप्ता की होटल, रामबाबू चौरसिया की पान की गोमती, गोरे अंडा वाले की गोमती पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी पाकर सुबह इफको पुलिस चौकी इंचार्ज नवनीत सिंह मौके पर पहुंचकर मृतक व्यवसायी के परिजनों से मिले व क्षतिग्रस्त दुकानों का जायजा लिया। क्षतिग्रस्त दुकानदारों ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।जिसपर पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## प्रयागराज पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की अस्थियां संगम में विसर्जित, प्रयागराज पहुंचा परिवार




शहीद अमित द्विवेदी की अस्थियां विसर्जित करने जाते परिजन

**प्रयागराज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की अस्थियां संगम में विसर्जित की गई। अस्थि विसर्जन के दौरान पत्नी ऐशन्या शुभम की फोटो को सीने से लगाए रहीं। बीच-बीच में वह रो पड़ती थीं। परिवार के लोग उन्हें संभालते दिखे। उनकी नम आंखों को देखकर कर्मकांड करा रहे पंडित भी भावुक हो गए। शनिवार सुबह परिवार के लोगों ने शुभम की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जैसे ही शुभम के चचेरे भाई ने अस्थि कलश उठाया, पत्नी ऐशन्या चीख पड़ीं। उन्होंने दौड़कर अस्थि कलश पकड़ लिया। सुबह साढ़े 7 बजे कानपुर से अस्थियां लेकर परिवार संगम के लिए तीन गाड़ियों से निकला। ऐशन्या अस्थि कलश हाथ में लेकर गाडी में बैठीं। उसी गाड़ी में शुभम का एक बड़ा पोस्टर लगा था। रास्ते में 4-5 जगह शुभम को श्रद्धांजलि दी गरई। साढे 12 बजे परिवार प्रयागराज पहुंचा।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी की अस्थियां शनिवार को संगम में प्रवाहित की गईं। पत्नी एशान्या द्विवेदी परिजनों के साथ अस्थि कलश लेकर प्रयागराज पहुंचीं। यहां पर विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुभम द्विवेदी की अस्थियां संगम में विसर्जित की गईं।

## माइंस में गिरने और पानी में डूबने से मजदूर की मौत, मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** धरावल पहाड़ी पर शौंच के लिए गए एक अधेड़ की पहाड़ी पर पानी भरे खदान में फिसल कर गिरने और गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। देर शाम जब वह घर नहीं लौटे तो स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से काफी खोजबीन की। रात करीब 10 बजे जानकारी मिली। ग्राम प्रधान सोनू पटेल ने बताया कि दीपक चौरसिया क्रशर प्लांट के गहरे खदान में पानी भरा था। जिससे गिरने से चोट लगने और पानी में डूब जाने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस शव को कब्जे में लेकर करीब एक बजे रात पोस्ट मार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के भसुंदर कला गांव निवासी हीरामणि पुत्र स्व गंगा प्रसाद पटेल 55 बीते गुरुवार की शाम धरावल पहाड़ी पर शौच के लिए गया था और अचानक पहाड़ी पर पानी भरे गहरी खदान में फिसल कर गिर गया और पानी में डूबने उसकी मौत हो गई। मृतक को एक बेटा और 3 बेटियां हैं। बेटियों की शादी कर दी है जबकि बेटा देशराज पटेल अविवाहित है। पत्नी कुसुम देवी का रो -रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि उक्त पहाड़ी पर बड़े -बड़े खदान होने से अब तक कई लोग गिरकर घायल हो गए हैं और कई मवेशियों की भी मौत हो चुकी है।

## अशरफ की पत्नी ने गैर जमानती वारंट और कुर्की आदेश को हाई कोर्ट में दी चुनौती

**प्रयागराज।** माफिया घोषित पूर्व सांसद अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ अहमद की पत्नी जैनब फातिमा ने निचली अदालत के उस आदेश को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उमेश पाल हत्याकांड में गैर हाजिर रहने पर गैर जमानती वारंट और संपत्ति कुर्क करने का आदेश पारित किया गया है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। यह वाद न्यायमूर्ति राजीव मिश्र की एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध था। अतीक व अशरफ की अप्रैल 2023 में तीन लोगों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब पुलिस उन्हें मेडिकल जांच के लिए काल्विन अस्पताल पहुंची थी। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, गुड्डू मुस्लिम और तीन अन्य के खिलाफ प्रयागराज के विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ने अदालत में गैर हाजिर रहने पर कुर्की का आदेश पारित किया है। सीआरपीसी की धारा 82 के तहत अदालत किसी व्यक्ति को उसके समक्ष पेश होने के लिए उद्घोषणा जारी कर सकती है, अगर उसके पास यह मानने के कारण हो कि अभियुक्त फरार है अथवा अदालत से बचने के लिए खुद को छिपा रहा है। धारा 83 न्यायालय को व्यक्ति की संपत्ति कुर्क करने की अनुमति देती है।

## सीएमओ ने औचक निरीक्षण के दौरान गंदगी देख सीएचसी कर्मियों को लगाई फटकार

**चार साल से धूल फांक रही एक्स-रे मशीन**

**अखंड भारत संदेश**


कौंधियारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ प्रयागराज

**कौंधियारा।** शनिवार को यमुनापार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा पर सीएमओ प्रयागराज ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने गंदगी मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. ए के तिवारी ने कौंधियारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई। सीएमओ ने कहा कि अस्पतालों में गंदगी और अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा स्टोर और डिलीवरी प्वाइंट की गहन जांच की। साफ-सफाई को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य कर्मियों को चेताया कि यदि बाहर की दवा लिखने की शिकायत मिली तो कार्यवाही की जाएगी। मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. पंकज कुमार पवन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

मीडिया कर्मियों द्वारा जब चार साल से एक्सरे मशीन खराब और अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू कराने की बात कही गई तो इसमें उन्होंने बताया कि कौंधियारा सीएचसी में एक्सरे मशीन सही कराने और अल्ट्रासाउंड सेवा शुरू करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही मशीन को चालू कर दिया जाएगा। सीएमओ ने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है और आवश्यक कार्रवाई जल्द की जाएगी।

गौरतलब है कि सीएचसी कौंधियारा में बीते चार वर्षों से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है, इस संदर्भ में ग्रामीणों द्वारा कई बार सीएचसी अधीक्षक से मशीन को सही कराने को भी कहा गया। लेकिन अधीक्षक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि सीएचसी में प्रसव के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। बाहर से प्राइवेट महिला को बुलाकर प्रसव कराया जाता है। आपातकालीन स्थिति में मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल में रेफर कर दिया जाता है। यहां तक कि रात्रि के दौरान डॉक्टरों की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। इमरजेंसी के दौरान बाहर से बुलाकर प्राइवेट महिला द्वारा इलाज का प्रबंध कराया जाता है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 257 शिकायतें मिली निस्तारण शून्य

**अखंड भारत संदेश**


जनशिकायतें सुनते वरिष्ठ अधिकारी

**मेजा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर विभिन्न विभागों से कुल 257 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें राजस्व से सर्वाधिक 103, पुलिस से 43, विकास से 27, समाज कल्याण से 9, शिक्षा से 2 और अन्य विभाग से 73 शिकायतें रहीं। सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को मेजा तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम मेजा दशरथ कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान छतवा निवासी गंगा देवी पत्नी नेब्बूलाल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसकी अजिया सास गोल्हरी पत्नी लोटन ने अपनी चल और अचल संपत्ति उसके नाम वसीयत किया था। वसीयत कागज उसके पास मौजूद है। पिछले 10 वर्षों से वह वसीयत के मुताबिक घर में रह रही थी। गत 31 मार्च शाम 6 बजे खमनिया निवासी रामलाल, संतलाल और श्यामलाल स्वजन के साथ जबरन घर में घुस कर कब्जा कर लिया और उसके समान को बाहर फेंक दिया। इसी बीच 14 अप्रैल को रात 10 बजे श्यामलाल शराब पीकर उसके साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है। अमिलिया कला निवासी अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने गांव के ही दबंगों द्वारा तालाब संख्या 602, नवीन परती संख्या 603 पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। डांडी भटौती निवासी अधिवक्ता आनंद पांडेय ने बारिश में जल भराव के चलते डूबते घरों को बचाने के लिए जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। पटखौली निवासी जयंती देवी, अमिलिया निवासी आशीष मिश्रा ने दफ्तर से धारा 38 और हुबलाल ने धारा 24 की फाइल गायब होने की शिकायत की। सभी मामलों में एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा, नायब मेजा नंदलाल, बीडीओ मेजा अमित सिंह सीडीपीओ मेजा रागिनी कौशिक, आपूर्ति निरीक्षक आरके तिवारी, एडीओ समाज कल्याण सुशांतु पांडेय सहित सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष ने लखनपुर सीएनजी पंप संचालक पर कम गैस भरने और अधिक पैसा लेने का लगाया आरोप

**कहा - सीएनजी के नाम पर वाहन मालिकों की जेब पर खुलेआम डाका डालने वाले पंप संचालक पर जिम्मेदारों ने एक्शन नहीं लिया तो मेजारोड चौराहे पर करेंगे प्रदर्शन**



**मेजा।** क्षेत्र के लखनपुर में स्थित सीएनजी पंप पर वाहन चालकों से सीएनजी के नाम पर कम गैस भरने और अधिक भुगतान वसूलने का मामला प्रकाश में आया है।

इस संबंध में मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी गाड़ी की टंकी अधिकतम 8.5 किलो गैस में फूल जाती है, लेकिन शनिवार को पंप पर 10.5 किलो गैस दिखाकर पंप संचालक द्वारा 973 वसूल लिए गए,जबकि टंकी में पहले से गैस मौजूद थी। उन्होंने इसे फजीवाड़ा बताते हुए कहा कि ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। पप्पू उपाध्याय ने विभाग से जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि उक्त पम्प पर आए दिन इस प्रकार का गोरखधंधा जारी है जिसको लेकर वाहन मालिकों में खासा आक्रोश है। वाहनों में कम सीएनजी भरने से नाराज स्थानीय लोगों ने चेतावनी दिया है कि यदि उक्त सीएनजी पंप के संचालक द्वारा सीएनजी के नाम पर क्षेत्रीय वाहन मालिकों की जेब पर की जा रही खुलेआम लूट पर रोक नहीं लगी, तो इस मुद्दे को लेकर मेजारोड चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## बारा तहसील समाधान दिवस पर 176 शिकायती पत्र आए जल्द निस्तारण का एसडीएम ने सम्बंधित को दिया दिशा निर्देश

**नीवी ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर तालाब के मत्स्य पालन को लेकर तहसील दिवस पर छाया रहा मुद्दा**

**अखंड भारत संदेश**


जनशिकायतें सुनते एसडीएम बारा

**बारा।** बारा सम्पूर्ण समाधान दिवस परगनाधिकारी बारा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 176शिकायती पत्र दूर दूर के गांवो से आए फरियादी अपनी समस्या को लेकर समाधान दिवस पर शिकायती पत्र दिए सबसे ज्यादा राजस्व विभाग 112 पुलिस 21 विकास 19 विद्युत 08 खाद्य एवं रसद 05 लोक निर्माण 03 सिंचाई विभाग 01 महिला एवं वाल विकास 01 स्वास्थ्य विभाग 02 शिक्षा विभाग 02 वन विभाग 01 उद्योग विभाग 01 शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को दे दिया गया।सबसे ज्यादा राजस्व के मामले को लेकर एस डी एम ने आर आई से लेकर हल्का लेखपाल को जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिए।वही ग्राम प्रधान नीवी ने अमृत सरोवर तालाब में मत्स्य पालन पट्टे पर रोक लगाने की शिकायती पत्र देकर गुजारिस की उनका कहना था अमृत सरोवर तालाब चयनित होकर ग्राम पंचायत के आधीन खुदाई से लेकर सौन्दरी करण कराया गया उस तालाब में पानी भरवाकर अच्छी किस्म की मछली दाना चुगने के लिए डलवाया गया बाँदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने की वजह से अक्सर वहाँ लोगों का रुकना होता है,। अगर अमृत सरोवर तालाब की मछली निकल जाती है तो जहाँ एक तरफ तालाब का पानी खराब हो जाएगा वही सुबह शाम दाना चुगाने वालों को मछली न रहने पर दिक्कत होगी। एसडीएम ने स्पस्ट कहा कि जितनी भी शिकायत आई है जल्द इसका निस्तारण करें।

इस मौके पर एसीपी बारा, नायब तहसीलदार बारा, बीडीओ जसरा, बिजली विभाग, सड़क, जलनिगम, विभाग के साथ साथ बारा, लालापुर, शंकरगढ़, गौहनिया, पुलिस उपस्थित रहे।

## सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी आवश्यक है : पुष्पेन्द्र सिंह

**करछना।** सरकार द्वारा उन लाभार्थियों को फैमिली आईडी कार्ड के लिए निर्देशित किया गया है कि जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं उनके लिए एक परिवार एक पहचान के लिए फैमिली आईडी बनवाना अनिवार्य है जिससे सरकारी योजनाओं का उन्हें लाभ मिल सके, फैमिली आईडी से निवास प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी नए राशन कार्ड भी फैमिली कार्ड को देखकर ही बनाया जाएगा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य होगा परिवार की पहचान आसान होगी जिससे प्रक्रिया पारदर्शी एवं आसान होगी इस बिंदु को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने विकास खंड करछना में लक्ष्य के अनुरूप 100 07 आईडी बनाने का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष में अभी तक कुल 2116 ही फैमिली आईडी के आवेदन पूर्ण हो पाया है जबकि विकास खंड में पीएम किसान के 7213 हुआ वृद्धा पेंशन के 18 18 निराश्रित महिलाओं के लिए 740 वी दिव्यांग पेंशन के लिए 236 लाभार्थी हैं इसका लाभ जनता के बीच जागरूकता का अभाव है सरकार की योजना के मुताबिक आने वाले समय फैमिली आईडी के माध्यम से सभी को केंद्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा फैमिली आईडी के माध्यम से सरकार एक फैमिली में एक रोजगार देने का कार्य भी इसी के माध्यम से करेगी विकास खंड करछना में कार्यरत कृषि विभाग के एडीओ एसटी पुष्पेंद्र सिंह ने फैमिली आईडी के लाभार्थियों को इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि फैमिली आईडी से वंचित लाभार्थी समय रहते आवेदन कर फैमिली आईडी का लाभ उठाएं।

## दुर्गावती देवी महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव के मद्देनजर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**मेजा।** मेजा विधानसभा के मनु का पूरा गांव में स्थित दुर्गावती देवी महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रयागराज की लोकप्रिय निवर्तमान सांसद प्रो. डा रीता बहुगुणा जोशी रही,कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद प्रयागराज के विचार सुनने के बाद सब के जुबान पर एक राष्ट्र एक चुनाव होना चाहिए का समर्थन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी अमरेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे जिला संयोजक राजेस्वरी तिवारी, जिला सह संयोजक अजय सिंह विधानसभा संयोजक राजेश पाल धनगर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष विपिन केशरी, पूर्व प्रमुख मेजा प्रेम शंकर शुक्ला, सुशील मिश्रा, शिक्षक संघ अध्यक्ष मेजा मनीष तिवारी, वीना मिश्रा, नाथू गुप्ता पांचो मंडल अध्यक्ष, शैलेश पाण्डेय, सुब्बा लाल प्रजापति, आशीष पटेल, राणा शेठ, लीलावती गुप्ता, दीना नाथ, विनीत शुक्ला पीसी पटेल, रामबली मौर्या, अखिलेश शुक्ला, कामेश्वर पटेल संजय केशरी रोहित पाण्डेय आदि के अलावा कई वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरूवात भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र विक्रम देव मिश्रा व प्राचार्य डॉ अजय मिश्रा ने मुख्य अतिथि डॉ रीता जोशी को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## अंधेरगर्दी : वन रेंज आफिस के बगल लकड़ी माफियाओं का तांडव


अवैध ढंग से लकड़ी माफियाओं द्वारा कटवाया जा रहा हरे भरे पेड़

**कोरांव।** लकड़ी और वन माफियाओं का पूरे इलाके में जलवा है,पूरे इलाके में हरे भरे पेड़ बाग बगीचे बेखौफ हो कर कटाए जा रहे हैं,और फर्जी परमिट से परिवहन हो रहे हैं। जिससे वन पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है,लकड़ी माफिया मालामाल होने के चक्कर में पुलिस और वन विभाग से निडर दिखते हैं। और क्षेत्र से हराने का सफाया हो रहा है। जिससे गर्मी की रफ्तार और तीव्र होती देखी जा रही है।

ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने अपने ग्राम पंचायत के अतिरिक्त आस पास के इलाकों और आरक्षित पर्वतीय वनों बाग बगीचे में हरे पेड़ों की कटान और परिवहन पर पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत तथा मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद चोरी छिपे में कई गांवों में और पहाड़ों के किनारे किनारे हरे पेड़ों जैसे नीम,शीशम,आम,महुआ,छूट ऊर्जा के पेड़ों की आड़ में कटा कर परिवहन कर रहे हैं। चर्चा हैं कि वन विभाग से एक पेड़ का सुखा या नष्ट हरे पेड़ का कटान परिवहन का परमिट ले के कर प्रतिबंधित पेड़ों का सफाया कर रहे हैं। वन विभाग में पहाड़ों बीहड़ों में जितने प्राकृतिक वृक्ष पौधे हैं उन्हें सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं बल्कि हर साल नए पौधारोपण सरकार करती है और अथाह धन व्यय करती है।

शनिवार को ग्राम पंचायत अल्हवा में लकड़ी माफिया द्वारा हर पेड़ महुआ का चोरी में कटा रहा था,सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे फोटो वोडीओ लिए और बना धिकार से वार्ता की। पेड़ हरा बेचने और काटने कटवाने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी। लकड़ी सीज होगी। रेंज आफिस अथवा ग्राम पंचायत के कब्जे में रखी जाएगी। ग्राम प्रधान ने बताया मेरे द्वारा राष्ट्र हित में स्वयं प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। वन अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

# समाधान दिवस में एक सौ बासठ शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में यहां एक सौ बासठ शिकायतों मे पांच शिकायतो का निस्तारण हुआ। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व चैरान्वे, पुलिस बत्तीस, विकास सात, विद्युत दस, आपूर्ति ग्यारह व अन्य विभागों की आठ रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी दिखीं। एसडीएम ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण कराए जाने को कहा। वहीं एसडीएम ने शिकायतो के निस्तारण के बाबत समीक्षा भी किया। इसमें उन्होनें पिछली लम्बित शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही को लेकर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को कडी फटकार भी लगायी। उन्होनें सरकारी जमीनो पर अतिक्रमण के बाबत शिकायतों को लेकर तीन दिन के अंदर जांच कर अतिक्रमणीयों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराए जाने के निर्देश दिये हैं। सार्वजनिक चकमार्गो तथा तालाबी अराजी की जमीनों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाये जाने पर एसडीएम ने जिम्मेदार राजस्वकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने को लेकर भी आगाह किया। तहसीलदार संध्या वर्मा ने समाधान दिवस का संचालन किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार चंदनलाल राना, खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, अनिकेत दुबे, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, सीडीपीओ उदय मिश्र आदि रहे।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनते वरिष्ठ अधिकारी

# पुरानी रंजिश में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसियों ने हमला बोल दिया। जिससे एक महिला सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पीड़ित युवक ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सदहा गांव निवासी इन्द्रजीत यादव पुत्र दूधनाथ यादव ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि बीते शुक्रवार की देर शामघर पर ही बैठा था। साथ ही गांव के धर्मेन्द्र यादव व उसकी मम्मी दरवाजे पर बैठी हुई थी। घर के सामने से ही लगभग आधा दर्जन लोग जा रहे थे। अचानक वह लोग उसकी मां से गाली गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया आरोपी युवक हमलावर हो गए और राड व लाठी-डंडे पीटकर घायल कर दिया। पिटाई से धर्मेन्द्र का सिर फट गया और वो लहुलूहान होकर जमीन पर गिर पडा। जब हल्ला गुहार पर बीच बचाव करने अन्य लोग पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया और उनकों भी घायल कर दिया। युवक ने इसकी सूचना 112 पुलिस को दी। साथ ही सभी घायलों को एंबुलेस के माध्यम से अस्पताल भेजवाया। आरोप है कि जब घायलों को अस्पताल पहुंचने के बाद आधा दर्जन युवक फिर से घर आ धमके और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरी पक्ष की महिला ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर छेडखानी का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों ही मामले की जांच कर रही है। कोतवाल अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## न्यूज झरोखा

### भागवत कथा श्रवण से ही मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है : देश कृष्ण शास्त्री



**बेलखरनाथ धाम।** श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से ही मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए जीवन में एक बार भगवत कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए। उक्त बातें पट्टी के वंशीपट्टी गांव में मुख्य यजमान रमाकांत मिश्र, श्रीकांत मिश्र, विजयकांत, उमाकांत व द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा वाचक हृदेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु ने अपनी सारी लीलाएं बचपन में ही दिखाई थी। श्रीकृष्ण ने मां यशोदा को अपने मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड दिखाया,कालिया नाग पर नृत्य किया ,पूतना वध के साथ ही गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाया। कथावाचक ने कहा कि भगवान कृष्ण की शरण में रहने पर सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।श्रीमद् भागवत कथा जीवन में अवश्य सुनना चाहिए जिसके सुनने से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। कथा श्रवण के दौरान हंस राज मिश्र,लोथे मिश्र, आशीष मिश्रा,नीरज मिश्र,विवेक मिश्र, विजय मिश्र सचिन मिश्र ओम मिश्र,सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

### आरोपी युवक को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल




**पट्टी।** गैगेस्टर व गोवध के आरोपी युवक को पुलिस ने उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। रेडीगारापुर गांव निवासी आजाद पुत्र स्व0 वकील अहमद पर गैगेस्टर सहित गोवध निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव व हेड कास्टेबल लालजी गश्त पर थे तो आरोपी युवक रेडीगारापुर गांव में अपने घर के पास दिखाई दिया तो आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### मारपीट की धमकी को लेकर दर्जन भर से अधिक के खिलाफ केस

**लालगंज।** मारपीट गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने दर्जन भर से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे राजाराम रेहुआ लालगंज गांव निवासिनी उर्मिला पत्नी हरकेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस अप्रैल की शाम करीब पांच बजे पड़ोसी दीपक, कपिल वर्मा पुत्रगण विजय बहादुर अपने साथियों कठौवा निवासी विवेक शुक्ल पुत्र भूपनाथ, पूरे नंदू तिवारी गांव के शिवम पुत्र गिरजाशंकर तिवारी, बीके व दान बहादुर कोरी एवं गौरव सिंह पुत्र मुन्ना सिंह, पूरे शुक्लन के तरूण शुक्ल, बैजलपुर के जीतेन्द्र, दलापटटी के पंकज पासी तथा सात अज्ञात के साथ उसके दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा। शोर सुनकर बीचबचाव के लिए पहुंचे पीड़िता के पति हरकेश, ससुर राजाराम, देवरानी अर्चना देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। गांव के लोगों को जुटता देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। एसओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### एई मीटर पर गिरी निलम्बन की गाज

**लालगंज।** प्रशासनिक कार्यो में लापरवाही तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को लेकर लालगंज में तैनात सहायक अभियंता विद्युत (मीटर) मनीष कुमार पर निलंबन की गाज गिरी है। अधिशाषी अभियंता टेस्ट लालगंज प्रदीप कुमार सोनकर ने एई के निलंबन की पुष्टि की है। उन्होनें बताया कि शीघ्र ही निलंबित एई के स्थान पर तैनाती की जाएगी। बतादें निलंबित एई मनीष का कुछ दिनों पहले एक ऑडियो भी वायरल हुआ था। इसमें निलंबित एई और अधिशाषी अभियंता के बीच हुई बातचीत को लेकर विभाग में सरगर्मी फैल गयी थी।

# 100 किसानों को आम बैगिंग का किया गया वितरण



कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** फलपट्टी विकास योजनान्तर्गत जनपद के आम उत्पादक किसानों को एक्सपोर्ट क्वालिटी का आम फल तैयार करने हेतु 100 किसानों को 100 हेक्टेयर बाग के लिए आम बैगिंग का वितरण विकास खण्ड कुण्डा के सभागार में जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर सहायक उद्यान निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व विनय कुमार सिंह, उद्यान निरीक्षक संदीप सिंह एवं रिसता प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 (एफपीसी) के निदेशक डॉ0 अकरम बेग उपस्थित थे। डॉ0 अकरम बेग द्वारा कई वर्षो से आम का निर्यात विदेशों में किया जा रहा है। आम निर्यात को बढ़ावा देने के लिए डॉ0 अकरम बेग से किसानों का सम्पर्क कराया गया, जिसमें उच्च गुणवत्तायुक्त आम का निर्यात करते हुए किसानों को अधिकाधिक लाभ दिलाया जा सके।

## महापुरूषों की मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रानीगंज।** तहसील क्षेत्र में महापुरूषों की मूर्ति स्थापित करने की मांग समाजसेवी वजहुल खान ने की है। रानीगंज नगर पंचायत कस्बे में किसी भी चैराहे पर या पार्क में महापुरुषों की मूर्ति न होने पर समाजसेवी ने जमीन आवंटन कर खुद के खर्च से मूर्ति बनवाने के लिए तहसील दिवस में दर्जनों लोगों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा। रानीगंज तहसील क्षेत्र के रहने वाले अधिवक्ता समाजसेवी वजहुल खान ने शनिवार को तहसील समाधान दिवस में दर्जनों अधिवक्ताओं के साथ ज्ञापन देकर रानीगंज कस्बा के पॉवर हाउस, स्टेशन रोड चैराहा पर महापुरुषों डॉ भीमराव अंबेडकर, डॉ एपी जे अब्दुल कलाम, शहीद भगत सिंह की मूर्ति स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की।उन्होंने जमीन चिन्हित होने पर खुद के खर्च से मूर्ति स्थापित करवाने की बात कही। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, अधिवक्ता रुस्तम अली, एडवोकेट जैद, अफसर एडवोकेट, इकरार एडवोकेट, संदीप एडवोकेट, सहवान एडवोकेट, अफसर एडवोकेट, रमेश गुप्ता एडवोकेट, प्रकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# टेम्पो-बाइक की टक्कर, दो की हालत गंभीर



गंभीर रूप से घायल को अस्पताल ले जाते हुए

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के करमाही मोड़ केसमीप टेम्पो व बाइक सवार की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार व टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गयेंजबकि टेम्पो में बैठी सवारियों को भी हल्की चोट आई है।

उन्नाव जिले के अजगैन थाना क्षेत्र के परसदनपुर निवासी तीस वर्षीय आलोक सिंह पट्टी में किराये के मकान में रहकर नौकरी करता है।वह शुक्रवार को देर शाम प्रतापगढ़ जा रहा था जैसे ही पट्टी प्रतापगढ़ रोड पर वीरमऊ माधो स्थित पुलिस बूथ के समीप पहुंचा कि सामने से आ रही टेम्पो से टकरा कर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं टेम्पो चालक पवन पांडेय (46) निवासी मनैतापुर को भी गंभीर चोटें आ गई। जबकि टेम्पो में बैठी आधा दर्जन सवारियों को हल्की चोटें आई हैं।जिन्हें इलाज के बाद पुलिस ने दूसरे वाहन से पट्टी भेजवाया तथा बाइक व टेम्पो चालक की स्थिति गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।चैकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को इलाज के लिये जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# संगठन के कार्यों को गति देने हेतु एकजुट होकर करें कार्य : पीसी राय



बैठक में शामिल लोग

**अधिवक्ता परिषद के कार्यों की समीक्षा हेतु हुई बैठक**

**प्रतापगढ़।** संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें, जिससे पूर्व की भांति अधिवक्ता परिषद का कार्य आगे बढ़ता रहे। उक्त बातें अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रेमचंद राय ने शनिवार को प्रतापगढ़ में अपने प्रवास के दौरान परिषद के प्रतापगढ़ इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ परिषद के पूर्व कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के आवास पर आयोजित समीक्षा बैठक में कही। इस दौरान उन्होंने परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से संवाद स्थापित करते हुए संगठन के मजबूती पर बल देते हुए दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह, अध्यक्ष मनोज सिंह, महामंत्री शिवेश शुक्ल, उपाध्यक्ष रवि सिंह, मंत्री कुलवंत शर्मा, विनीत शुक्ल, रूप नारायण सरोज, कोषाध्यक्ष भरत लाल, कार्यकारिणी सदस्य राजाराम सरोज, आशीष गुप्ता, जय शर्मा सहित आदि रहे।

# मानवाधिकार में अभिव्यक्ति की आजादी का संरक्षण अपरिहार्य

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा संगोष्ठी में हुआ मंथन**

**लालगंज।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर यहां अभिव्यक्ति की आजादी के मूल्यों को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले को नागरिकों के जीवन के मौलिक अधिकारों पर बर्बर हमला करार देते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गयी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर इस संकल्प को मजबूत बनाने के लिए मानवाधिकारों की हर हाल में सुरक्षा आवश्यक है। संगोष्ठी में अमर शहीद पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न दिये जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र व संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे। संगोष्ठी को वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 आशीष सिंह, सुरेन्द्र तिवारी सागर, मनोज सिंह, बाबा नरेन्द्र ओझा ने संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली की मजबूती के लिए सच के अधिकार के संरक्षण पर जोर दिया। इस मौके पर पं देवानंद मिश्रा, सुरेश मिश्रा मदन, उमेश तिवारी, विनोद सिंह, संजय शुक्ला, अनूप तिवारी, राजीव तिवारी, राजेन्द्र मिश्रा, संतोष तिवारी, राकेश तिवारी, सरवर आलम, आशुतोष मिश्र, मनोज त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, सुशील सिंह बघेल, अशोकधर दुबे, शत्रुघ्न पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, शिवकरन चतुर्वेदी, शैलेन्द्र मिश्र, जेके वर्मा, प्रमोद सिंह बाबा, सुनील सिंह, रामू मिश्रा, प्रेम मिश्रा, लवलेश शुक्ला, मुकेश तिवारी, आईपी मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, मुकेश सिह, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, राहुल मिश्र, सुमित त्रिपाठी, जाकिर अली, गौरीशंकर तिवारी, अजय यादव, शुभम श्रीवास्तव, अरविन्द दुबे, दयाशंकर तिवारी, संजीव तिवारी आदि रहे।

# दवा व्यवसायी को दुकान में घुसकर धमकाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** नगर निवासी एक व्यापारी ने कुछ लोगों पर दुकान में घुसकर गाली गलौज करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पट्टी कोतवाली में शिकायत की है। पट्टी नगर के वार्ड नंबर 4 सधईपुर देहात निवासी हरिकेश पाण्डेय पुत्र राधेश्याम पाण्डेय ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि उसने सीएचसी पट्टी के बगल एक मेडिकल स्टोर खोल रखा है। 2 अप्रैल 2025 शुक्रवार को लगभग रात को दस बजे दुकान पर बैठा हुआ था। तभी एक युवक उनकी दुकान पर आया और गाली गलौज करते हुए अभ्रदता करने लगा। जब उसने उक्त युवक को समझाने का प्रयास किया तो आरोप है कि युवक साथियों के कहने पर उनकी दुकान के अंदर आ गया। जब उसने इसका विरोध किया और हल्ला गुहार पर आसपास के लोग पहुंचे तो युवक जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। व्यापारी ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक

## पशुशाला से भैंस चोरी

**बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के दरछुट गांव निवासी रामदीन गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते माह घर के सामने बधी भैंस को अज्ञात चोरों ने रात 1 बजे के आसपास खोलकर आसानी से लेकर फरार हो गये। काफी खोजबीन के बाद भी सफलता नहीं मिली। पीड़ित की तहरीर पर कंधई पुलिस ने अज्ञात भैंस चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रांसफर नीति के खिलाफ दूसरे दिन भी गरजी यूनियन

**शाखा मंत्री अनिल शुक्ला ने कहा की स्थानांतरण नीति में मनमानी की जा रही है। आदेशों की अवहेलना की जा रही है।**



प्रदर्शन करते कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा प्रतापगढ़ ने विभिन्न विभागों में तैनात कर्मचारियों के नियम विरोध स्थानांतरण को लेकर मां बेला देवी रेलवे स्टेशन पर दूसरे दिन शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन किया। नेताओं का कहना था कि मंडल कार्यालय के अधिकारी ट्रांफसर में मनमानी कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों ने अधिकारियों के विरोध में नारे लगाए। प्रदर्शन स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सामने किया गया। कर्मचारियों के निशाने पर स्टेशन अधीक्षक भी रहे। शाखा मंत्री अनिल शुक्ला ने कहा की स्थानांतरण नीति में मनमानी की जा रही है। आदेशों की अवहेलना की जा रही है। इस मौके पर उपाध्यक्ष मोहम्मद अनीस, वीके तिवारी, संजय डोंगरा एस के यादव, कैलाश, इमरान, गोविंद, बीके वर्मा, केके शर्मा, रामखेलावन और एचपी पाक समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## शराब के नशे में विवाहिता को पीटा, दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली के दोनई गांव निवासी शिवमूर्ति पुत्र ठाकुरदीन ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि बीते शुक्रवार की देर रात लगभग छह बजे उसकी पत्नी गांव के पास ही मवेशियों को चरा रही थी। तभी एक युवक शराब के नशे में पहुंचा और उसकी पत्नी को गाली गलौज करने लगा। जब उसकी पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसे मारपीटकर घायल कर दिया। युवक ने बताया कि इसके पहले भी वह बस्ती में आकर शराब के नशे में लोगों से मारपीट करने के साथ गाली गलौज करता है। इसी तरह बनपुरवा गांव निवासी सुनील कुमार यादव पुत्र तुलसीराम यादव ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि स्थगन आदेश होने के बाद भी जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसकी शिकायती उसने कई बार की, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नही की गई। साथ ही युवक ने राजस्व निरीक्षक व कानूनगो पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की है।

# तिल की खेती से किसानों को मिलेगा अधिक लाभ : जिला कृषि अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि कृषि विभाग द्वारा जारी नई योजना के अंतर्गत तिल की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। तिल एक अत्यंत लाभकारी तिलहन फसल है, जो कम पानी में भी अच्छी उपज देती है और सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है। तिल में तेल की मात्रा 45-50 प्रतिशत तक होती है, जिससे यह किसानों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से लाभकारी साबित हो सकती है। साथ ही तिल की मांग घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लगातार बनी हुई है। तिल के बीजों का उपयोग तेल निकालने, मसालों, मिठाइयों और स्वास्थ्य उत्पादों में किया जाता है। उन्होने बताया है कि तिल की खेती के लिए गर्म और शुष्क जलवायु उपयुक्त होती है। दोमट या बलुई दोमट मिट्टी जिसमें जल निकासी अच्छी हो, तिल के लिए सर्वोत्तम होती है। तिल की सामान्य किस्मों में टाइल 1, टाइल 2, टाइल 3, आरटी 46, आरटी 54, पूसा तिल 1, गुजरात तिल 2, संकर किस्मों में प्रज्ञा (टीसी 25), सुमित (टीसी 289), यमुना (टीसी 290) व उन्नत किस्मों में एचयूएम 1, एचयूएम 2 (उच्च तेल उत्पादन वाली) है।उन्होने खेत की तैयारी के सम्बन्ध में बताया है कि मिट्टी को अच्छी तरह से जुताई करके भुरभुरी बना लें, खेत में पाटा लगाकर समतल करें ताकि जलभराव न हो, अंतिम जुताई से पहले 5-6 टन गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर डालें। तिल की बुवाई खरीफ के मौसम में (जून-जुलाई) और गर्मियों में (फरवरी-मार्च) की जाती है। तिल की मांग हमेशा बनी रहती है और इसका बाजार भाव रुपए 8000 से रुपए 10000 प्रति क्विंटल तक हो सकता है। जैविक तिल की खेती करने पर अधिक मूल्य प्राप्त हो सकता है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील करते हुये कहा है कि वे समय पर तिल की बुवाई करें और आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग कर अपनी आय में वृद्धि करें।

# ग्रामीणों ने पेयजल टंकी की सप्लाई शुरू कराने की उठाई मांग

**प्रतापगढ़।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच शोपीस बनी पानी टंकी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। बडी संख्या में शनिवार को ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या के शीघ्र निदान की मांग उठाई है। रानीगंज कैथौला क्षेत्र में बनी पानी की टंकी से कई वर्षो से सप्लाई ठप पड़ी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल टंकी की सप्लाई पाइप जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गयी है। गर्मी में ग्रामीणों को पीने के शुद्ध पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। इलाके के शिवपूजन जायसवाल, कुसुम, नूरजहां, महेन्द्र सिंह आदि ने उप जिलाधिकारी से समस्या के शीघ्र निदान की मांग उठायी है।

## सम्पादकीय

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!

**बहरहाल,** महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देशभर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वतः स्पष्ट थी।

आखिरकार, पहलगाम की आतंकवादी जघन्यता के करीब हफ्ते भर बाद, रविवार 27 अप्रैल की अपनी मासिक 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका ख्याल आया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देशवासियों की एकता कितनी जरूरी है। बेशक, प्रधानमंत्री की इस आयोजन की खबरों की सुर्खियां बनने वाली पंक्ति तो यही थी कि 'आतंकवादी हमले की तस्वीरों को देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है'। और यह भी कि 'मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।' फिर भी, प्रधानमंत्री के बयानों से ऐसी सुर्खियां तो इस आतंकी वारदात के तीसरे दिन से ही बनती आ रही थीं, जब इस हमले की पृष्ठद्दभूमि में, सऊदी अरब की अपनी यात्रा तय कार्यक्रम से पहले खत्म कर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री ने, इसी घटना पर अपनी ही सरकार की बुलायी सर्वदलीय बैठक में रहना तो जरूरी नहीं समझा था, पर बिहार में मधुबनी में अपनी सभा में, इस वारदात के दोषियों और उनके आकाओं को 'मिट्टी में मिला देने' और 'उनका धरती के छोर तक पीछा करने' जैसे ऐलान किए थे। 'मन की बात' की युद्ध-भाषा बेशक, मधुबनी के भाषण के जरिए सामने आयी, इस दरिंदगी पर प्रधानमंत्री की पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया की निरंतरता में ही थी। इससे भिन्न, प्रधानमंत्री को एकता की जरूरत का ख्याल आना बेशक, बिहार के प्रधानमंत्री के संबोधन के सामने नया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। और यह भी कि, 'यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।'

बहरहाल, महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देशभर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वतः स्पष्ट थी। यह हफ्ते भर की देरी इसलिए खासतौर पर अर्थपूर्ण हो जाती है कि इस दौरान पूरे देश से निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार की इस दरिंदगी पर, मोटे तौर पर तीन प्रकार की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही थीं। पहली प्रतिक्रिया, इस जघन्यता पर आम देशवासियों के गम और आतंकवादियों तथा उनके सरपरस्तों पर गुस्से की थी।

# खुफिया सूचना पूरी तरह पुख्ता क्यों नहीं हो पाती है



– वाप्पला बालाचंद्रन

**कच्ची** और अपुष्ट सूचनाओं का संग्रहण, मिलान, विश्लेषण, प्रसार, मध्यस्थता, नीति अधिनिर्णय और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई के लिए नीति बनायी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है।

बैसारन (पहलगाम, कश्मीर) में नरसंहार के सिलसिले में कुछ रिपोर्टों ने दावा किया कि यह एक 'खुफिया' या 'सुरक्षा' विफलता थी। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमरनाथ मंदिर से 50 किलोमीटर दूर पर्यटकों के लोकप्रिय पिकनिक स्थल बैसारन घास के मैदानों को 'एकीकृत कमान' के तहत काम करने राज्य के किसी भी सुरक्षा समूह द्वारा असुरक्षित क्यों छोड़ दिया गया था? एक अपुष्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि पिकनिक स्थल को आधिकारिक तौर पर खोला नहीं गया था और इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से तैयारी नहीं की गई थी।

यह प्रयास इस चूक के लिए किसी को दोषी ठहराना नहीं बल्कि यह समझाना है कि सामान्य रूप से सरकारों द्वारा 'सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों' को कैसे प्रोसेस किया जाता है और इनमें 'फासला' कैसे रखा जाता है। चूंकि जम्मू-कश्मीर एक संवेदनशील क्षेत्र है इसलिए राज्य पुलिस खुफिया विभाग के अलावा यहां देश भर के असैनिक नागरिक, सैन्य और अर्द्ध सैनिक विभागों से संबंधित खुफिया एजेंसियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी है।

यद्यपि राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियां अपने मुख्यालय को रिपोर्ट करती हैं, इसके अलावा वे उप राज्यपाल और उनके अधीन 'एकीकृत कमान' को सुरक्षा परिदृश्य में किसी भी बदलाव से अवगत कराते हैं ताकि स्थानीय खतरे की अवधारणा के आधार पर निवारक तंत्र में उपयुक्त रूप से बदलाव किया जा सके। हालांकि इस तरह की खुफिया जानकारी जब उप राज्यपाल (जम्मू-कश्मीर में कानून और व्यवस्था अभी भी उनके अधीन है) जैसे उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट की जाती है तो उसे सावधानीपूर्वक सत्यापित किया जाना चाहिए क्योंकि इस तरह के अलर्ट के बाद की कार्रवाई के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होते हैं। कच्ची और अपुष्ट सूचनाओं का संग्रहण, मिलान, विश्लेषण, प्रसार, मध्यस्थता, नीति अधिनिर्णय और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई के लिए नीति बनायी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है। इसकी वजह से 'खुफिया या सुरक्षा विफलता' का अभाव महसूस होता है।

खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को अक्सर बेतरतीब तरीके से, टुकड़ों-टुकड़ों में आधी-अधूरी जानकारी मिलती है जो पूरी तस्वीर का खुलासा नहीं करती हैं, खासकर जब रुझान अल्पकालिक होते हैं। कई मौकों पर एजेंसियों के पास सुरक्षा संबंधी विषयों पर विविध, अपूर्ण या यहां तक कि परस्पर विरोधी खुफिया जानकारी होती है जिसके कारण नीति संबंधी निर्णय लेने वालों को एक परिपूर्ण तस्वीर प्राप्त करने के लिए सूचना के 'आंतरिक मतभेदों' को सुलझाने के लिए एक सक्षम मध्यस्थ की आवश्यकता होती है। यह 'इंटेलिजेंस आर्बिट्रेशन' की प्रक्रिया है। यदि यह विफल रहता है तो सूचनाओं में अनेक रिक्त स्थान रह जाते हैं। ऐसा कई बार हुआ है। एक खुफिया मध्यस्थ भी खुफिया में लापता रिक्त स्थानों को भरने के लिए अपने स्वयं के दृष्टिकोण का उपयोग करता है। इसके लिए वह मीडिया जानकारी तक का उपयोग करता है जिसे 'ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस' (ओएसआई) कहा जाता है।

कानून और व्यवस्था अधिकारियों तथा राष्ट्रीय सूचना एजेंसियों द्वारा तैयार की गई सूचना के प्रसंस्करण में बहुत अंतर है। जहां राष्ट्रीय एजेंसियां 'रणनीतिक' खुफिया जानकारी देती हैं वहीं राज्य इकाइयां 'सामरिक' जानकारी का मंथन करती हैं। 'रणनीतिक' जानकारी आम तौर पर पूरे देश को प्रभावित करने वाला दीर्घकालिक संकेत या लंबे समय सीमा का होता है जबकि 'सामरिक' सूचना अल्पकालिक रुझान है जो पुलिस कार्रवाई जैसे छोटे क्षेत्रों को प्रभावित करता है। हालांकि, विशेष रूप से विदेशी हस्तक्षेप के साथ आतंकवाद विरोधी कार्रवाई रणनीतिक और सामरिक आयाम ग्रहण कर सकती है जिसके लिए यह अध्ययन करने और अनुमान लगाने की क्षमता की आवश्यकता होती है कि विदेशी सरकारों या विदेश आधारित संगठन जैसे लश्कर हमारे खिलाफ कैसे काम करेंगे जिसे संभालने में केवल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां ही सक्षम हैं।

फिर भी, ऐसे मामले हैं जब यह प्रक्रिया पश्चिमी देशों में भी विफल रही थी। यूएस 9/11 आयोग ने अपनी रिपोर्ट 'फोरसाइट एंड हाइन्ड्साइट' (पूवानुमान और घटना के बाद उसकी कारण मीमांसा करना) के अध्याय 11 में इन रुझानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में ओसामा बिन लादेन की बड़े पैमाने पर अमेरिका विरोधी गतिविधियां जारी रहने के बावजूद किसी भी एजेंसी ने 9/11 जैसे परिदृश्य का अंदाजा नहीं लगाया था। इस हमले में अमेरिकी यात्री विमानों को अमेरिका के खिलाफ हथियार बनाया गया था: 'सीआईए ने संभावित अपहरण परिदृश्यों का कोई विश्लेषणात्मक आकलन नहीं लिखा था' जबकि उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने सामूहिक विनाश के हथियार ले जाने में विदेशी विमान के उपयोग का अनुमान लगाया था। किसी ने नहीं सोचा था कि अल-कायदा अमेरिकी विमानों का इस्तेमाल करेगा।

आयोग ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी संख्या के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी एवं जिम्मेदारी कम हो गई थी। ऐसी चेतावनी जारी करने की जिम्मेदारी के लिए सीआईए में खाड़ी युद्ध के बाद 1992 में बनाए गए 'नेशनल इंटेलिजेंस ऑफिसर फॉर वार्निंग' का पद खत्म कर दिया गया और काउंटर-टेररिज़्म सेंटर (सीटीसी) को यह जिम्मेदारी दी गई। हालांकि सीटीसी ने यात्री विमानों में हथियार रखने की संभावना पर एक भी चेतावनी जारी नहीं की। दूसरे शब्दों में, एक शीर्ष-भारी भरकम खुफिया संरचना होने के कारण बेहतर अलर्ट जारी नहीं हुए।

इसी तरह मुंबई में 26/11 हमले पर पुलिस प्रतिक्रिया की जांच करने के लिए गठित समिति के सदस्य के रूप में महाराष्ट्र सरकार की विफलता पर ध्यान दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर कुछ घटनाओं को देखने में विफल रही जिनका यदि अध्ययन किया जाता तो भयावह मुंबई हमले को रोका जा सकता था।

30 जुलाई, 2006 को सीएनएन-आईबीएन टीवी चैनल ने तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की चेतावनी के मद्देनजर हमारे पश्चिमी तटीय सुरक्षा उपायों का एक सर्वेक्षण प्रसारित किया कि हमारे परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठानों को पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्र से निशाना बना सकते हैं। इसके बाद यह उम्मीद की गई कि महाराष्ट्र पुलिस तटीय गश्त को सतर्क व सशक्त करेगी। चैनल की टीम ने पाया कि तटीय गश्त कहीं नहीं देखी गई थी- 'यद्यपि बीएआरसी अब सीआईएसएफ की भारी सुरक्षा में है लेकिन यहां समुद्र के माध्यम से पहुंचे जाने की आशंका चिंता का कारण है'।

इसी चैनल ने 16 जून 2007 को एक और खबर प्रसारित की जिसे लेकर मुंबई और नई दिल्ली को चिंतित होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि लश्कर-ए-तैयबा के आठ संदिग्ध आतंकवादियों ने मुंबई के पास समुद्री मार्ग से घुसपैठ की थी और उनमें से दो- अब्दुल मजीद और मोहम्मद जमील को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मार्च में राजौरी में गिरफ्तार किया था।

# इस बार कमंडल को चाहिए मंडल का सहारा

– वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**अभी** पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' जाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए? अब तक कमंडल से अपनी राजनीति को चमकाने वालों को अचानक मंडल की याद आ गई है, वह भी तब जब देश पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार से बड़े एक्शन की उम्मीद कर रहा था। मुख्य धारा की मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐसा माहौल तैयार कर दिया था कि लगने लगा था कि सरकार घर में घुसकर मारने की नीति टाइप किसी कदम का खुलासा करने जा रही है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना के साथ जाति की गिनती कराने का फैसला कर लिया। आजादी के बाद पहली बार देश के नागरिकों से उनकी जाति पूछी जाएगी। अब तक अनुसूचित जाति और जनजाति को अवश्य गिना जाता था लेकिन अब शायद अन्य पिछड़ा वर्ग का बढ़ता संख्या बल सरकार को इस निर्णय के लिए मजबूर कर रहा है।



विपक्ष 'जिसकी जितनी आबादी उतनी उसकी भागीदारी' का नारा पहले ही बुलंद किये हुए था। ऐसे ही मकसद में सरकार की दिलचस्पी भी होगी तो फिर इस मासूमियत पर कौन न फिदा हो जाए। इसमें कोई शक नहीं कि इस मसले पर देश जिस नेता को लगातार बोलते हुए देख-सुन रहा था वे तो राहुल गांधी थे। इस हद तक कि लगभग ऊब होने लगी थी लेकिन राहुल गांधी थकते नहीं थे। वे जनसभाओं से लेकर संसद तक बस इसी जातीय जनगणना की बात करते थे। एक बार तो उन्हें अपमानित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कह दिया था कि 'जिसकी जात का पता नहीं वो गणना की बात करता है।' आम भारतीय बोल-चाल में यह किसी गाली से कम नहीं था लेकिन राहुल गांधी ने इस गाली का जवाब भी संसद में यह कहकर दिया था कि 'जो भी दलितों की, पिछड़ों की बात करता है उसे गालियां खानी ही पड़ती हैं। अर्जुन को मच्छी की आंख दिख रही थी, ठीक वैसे ही मुझे भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना हम करा के रहेंगे।' जाहिर है कि लगातार बोलते रहना ही सियासत में फलदायी जमीन तैयार करता है। अब घोषणा के तुरंत बाद भी राहुल गांधी रुके नहीं हैं। उन्होंने कह दिया है कि हम तय करेंगे कि सरकार 50 फीसदी की सीलिंग भी बदले और आगे की नीतियां हम डिजाइन करेंगे क्योंकि हमारे पास तेलंगाना और कर्नाटक का डाटा है। वह निजी संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मुद्दा में दिखाई दिए। फिलहाल ऐसा लगता है जैसे पहलगाम के बाद विपक्ष जिस तरह सरकार के साथ खड़ा था, जाति जनगणना के मुद्दे पर सरकार विपक्ष के साथ आकर खड़ी हो गई है। अब गणना इस बात की होनी चाहिए कि किसके 'मास्टर स्ट्रोक' में ज्यादा दम है। खैर मजाक से अलग जब पहलगाम हमले के जवाब के इंतजार में बैठे मीडिया से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह बात साझा की तो वाकई यह सबके लिए चौंकने का समय था। शुरूआत में अश्विनी वैष्णव ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के शिलांग से सिलचर तक हाई-स्पीड कॉरिडोर हाईवे परियोजना तथा किसानों के लिए गन्ने के उचित मूल्य की जानकारी दी और आखिर में जब प्रेस ब्रीफिंग खत्म होने वाली थी तभी उन्होंने चुपचाप पॉकेट से एक पर्चा निकालकर जाति जनगणना वाली बात पढ़ दी और आदतन जनगणना न हो पाने की वजह भी कांग्रेस के माथे मढ़ दी। यह सच है कि अंग्रेज जातियों की जनगणना कराता था लेकिन आजाद भारत के नेताओं ने इसे नहीं करवाना चाहा था ताकि देश मोटे तौर पर उपजातियों में न बंटे।

इस सरकार ने कोविड महामारी के दौरान टाली गई सामान्य जनगणना को भी अब तक नहीं किया है। अंतिम बार यह 2011 में हुई थी और 2021 में होनी थी। 2025 के बजट में भी जनगणना का धन शामिल नहीं है इसलिए इसमें और देरी हो सकती है। शायद अगले आम चुनाव से पहले देश को ये आंकड़े मिलें। फिलहाल तो देश की सारी नीतियां और योजनाएं पुराने आंकड़ों पर चल रही हैं या यूं कहें कि इस सियासत को इन आंकड़ों की जरूरत ही नहीं है। धर्म की राजनीति बराबर प्रभावी और नतीजे देने वाली रही है। दो साल पहले सरकार की दिलचस्पी नवजात बच्चे और उसके माता-पिता का धर्म जानने में हो गई थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने जन्म-पत्र के फॉर्म नंबर एक में धर्म के सवाल को जोड़ दिया गया था। अब शायद जातियों में भी रूचि हो गई है।

अभी पिछले हफ्ते ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब तैर रहा था। पोस्टर में पहलगाम आतंकी हमले में पत्नी का पति के शव के साथ विलाप का स्केच था जिस पर लिखा था- 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' जाहिर है कि पार्टी धर्म को पहले रखने की हामी रही है, जाति की नहीं। फिर क्या हुआ कि सरकार को सोच और नीति में यूं बदलाव करना पड़ा? अचानक 'देश तोड़ने वाला काम' देशहित में कैसे हो गया? देशद्रोही देशभक्त कैसे हो गए? देश ने बीते कुछ सालों में देखा है कि वह पूरे समय बस चुनाव की नाव में तैरता रहता है। इस नाव में बैठकर ही सबको वैतरणी पार करनी है। हर फैसला सिर्फ चुनाव है। हर घटना, हर उत्सव बस एक चुनाव है। चुनाव के बाद सरकारें भी चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा का 240 सीटों पर सिमटना और उत्तरप्रदेश में उसके गणित का बिगड़ना भी एक वजह है। ऐसे में जातियों को गिनकर सही उम्मीदवार उतारकर? दृश्य को बदला जा सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की राजनीति को हिंदुत्व के साथ सामाजिक न्याय के पहलू को जोड़ने की जरूरत नहीं है। आक्रामक हिंदुत्व से केवल 18 से 20 फीसदी मतदाताओं का समर्थन मिलता है। दलित जातियां इससे छिटक जाती हैं। भगवा और नीले झंडों में प्रतिस्पर्धा का नजारा दिखाई दे रहा है।

समाजवादी पृष्ठभूमि का ओबीसी समाज भी इससे चौंक जाता है। जाहिर है कि पार्टी इस संतुलन को साधने की कोशिश में है। बिहार में पिछली सरकार जो यूपीए की रही वह जाति जनगणना करा चुकी थी। तेलंगाना में भी यह गणना हो चुकी है और कर्नाटक में भी। राहुल गांधी भी संसद में खम ठोक चुके हैं कि अर्जुन के जैसे ही उन्हें भी मच्छी की आंख दिख रही है और जातीय जनगणना करा के रहेंगे। वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरुदक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर भी कह चुके हैं कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे। अब इस महत्वपूर्ण घोषणा के बाद भाजपा के नेताओं और प्रवक्ताओं की बड़ी दुविधा हो गई है कि आखिर जातीय जनगणना के खिलाफ दिए गए बयानों से किस तरह मुंह फेरें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था- 'जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात', महाराष्ट्र चुनाव से पहले 'एक हैं तो सेफ हैं'- का नारा स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुलंद किया था। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इस गणना के बाद योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' में क्या संशोधन करते हैं।

बिहार में इस साल नवंबर में चुनाव होने हैं। पहलगाम हमले के बाद मोदी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़कर देश लौटे और फिर बिहार गए थे। इससे पहले एक बड़ी बैठक में उन्होंने दुश्मन देश पाकिस्तान को कड़ी चुनौती दी। फैसला सेना के हाथ छोड़ा और खुली छूट की बात भी कही। साल 2019 में आतंकवादियों ने पुलवामा की घटना को अंजाम दिया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 42 जवान शहीद हो गए थे। अभी तक जवाब नहीं मिला कि विस्फोटक किसकी चूक से भीतर आया था। चूक पहलगाम में भी हुई है कि जहां इतने सैलानी थे वहां सुरक्षा बल क्यों नहीं था? तब भी बिहार की जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा था- 'इस देश में जितना आक्रोश है, लोगों का खून खौल रहा है। इस समय जो देश की अपेक्षाएं हैं, कुछ कर गुजरने की भावना है।

वो भी स्वाभाविक है। हमारे सुरक्षा बलों को पूर्ण स्वतंत्रता दे दी गई है। मैं आतंकी संगठनों और उनके सरपरस्तों को कहना चाहता हूं कि वे बहुत बड़ी गलती कर चुके हैं। बहुत बड़ी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। 'एक बार फिर बड़ी कीमत देश के नागरिकों ने ही चुकाई है। सवाल उठता है कि सेना को दी गई छूट की अवधि क्या थी? छूट थी तो फिर यह चूक किसकी है? बहरहाल जाति जनगणना के फैसले के बीच ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता 'ठाकुर का कुआं' याद आती है कि अब सब अपना होगा-

चूल्हा मिट्टी का
मिट्टी तालाब की
तालाब ठाकुर का।
भूख रोटी की
रोटी बाजरे की
बाजरा खेत का
खेत ठाकुर का।
बैल ठाकुर का
हल ठाकु र का
हल की मूठ पर हथेली अपनी।
फसल ठाकुर की।
कुआं ठाकुर का
पानी ठाकुर का
खेत-खलिहान ठाकुर के
गली-मुहल्ले ठाकुर के
फिर अपना क्या?
गांव?
शहर?
देश?

# आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित किया

– ललित गर्ग-

**महापुरुषों** की कीर्ति युग-युगों तक स्थापित रहती। उनका लोकहितकारी चिंतन, दर्शन एवं कर्तृत्व कालजयी होता है, सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक होता है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता हैं। आदि शंकराचार्य हमारे ऐसे ही एक प्रकाशस्तंभ हैं जिन्होंने एक महान हिंदू धमार्चार्य, दार्शनिक, गुरु, योगी, धर्मप्रवर्तक और संन्यासी के रूप में 8वीं शताब्दी में अद्वैत वेदांत दर्शन का प्रचार किया था। हिन्दुओं को संगठित किया। उन्होंने चार मठों की स्थापना की, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। आदि गुरु शंकराचार्य हिंदू धर्म में एक विशेष स्थान रखते हैं, उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करने का अर्थ है उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना। उनके लिये इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय है। उन्हें हम धर्मक्रांति एवं समाज-क्रांति का सूत्रधार कह सकते हैं। अपने जन्मकाल से ही शिशु शंकराचार्य के मस्तक पर चक्र का चिन्ह, ललाट पर तीसरे नेत्र तथा कंधे पर त्रिशूल जैसी आकृति अंकित थी, इसी कारण आदि शंकराचार्य को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें साक्षात दर्शन देकर अंध-विश्वास, रूढ़ियों, अज्ञानता एवं पाखण्ड के विरूद्ध जनजागृति का अभियान चलाने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने भयाक्रांत और धर्म विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और संगठन युक्ति से संबल प्रदान किया था। उन्होंने नए ढंग से हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को सनातन धर्म का सही एवं वास्तविक अर्थ समझाया।

आदि शंकराचार्य के अनूठे प्रयासों से ही आज हिन्दू धर्म बचा हुआ है एवं सनातन धर्म परचम फहरा रहा है। शंकराचार्य ने अपने 32 वर्ष के अल्प जीवन में ही पूरे भारत की तीन बार पदयात्रा की और अपनी अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति और संगठन कौशल से उस समय के 72 संप्रदायों तथा 80 से अधिक राज्यों में बंटे इस देश को सांस्कृतिक एकता के सूत्र में इस प्रकार बांधा कि यह शताब्दियों तक विदेशी आक्रमणकारियों से स्वयं को बचा सका और अखण्ड बना रहा। ऐसे दिव्य एवं अलौकिक संत पुरुष का जन्म धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आठवीं सदी में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। बहुत दिन तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के अनंतर शिवगुरु ने पुत्र-रत्न पाया था, अतः उसका नाम शंकर रखा। जब ये तीन ही वर्ष के थे तब इनके पिता का देहांत हो गया। ये बड़े ही मेधावी तथा प्रतिभाशाली थे। छह वर्ष की अवस्था में ही ये प्रकांड पंडित हो गए थे और आठ वर्ष की अवस्था में इन्होंने संन्यास ग्रहण किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने के समय की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं, माता एकमात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं दे रही थीं। तब एक दिन नदी किनारे एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब इस वक्त का फायदा उठाते हुए शंकराचार्यजी ने अपने माँ से कहा ह्यमाँ मुझे संन्यास लेने की आज्ञा दो, अन्यथा यह मगरमच्छ मुझे खा जायेगांह्व इससे भयभीत होकर माता ने तुरंत इन्हें संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान की; और आश्चर्य की बात है कि जैसे ही माता ने आज्ञा दी वैसे ही तुरन्त मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर छोड़ दिया। इन्होंने गोविन्द नाथ से संन्यास ग्रहण किया, जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए।

आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अनूठा एवं ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्राथमिकता से स्थापित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम किया। सदियों तक पंडितों द्वारा लोगों को शास्त्रों के नाम पर जो गलत शिक्षा दी जा रही थी, उसके स्थान पर सही शिक्षा देने का कार्य आदि शंकराचार्य ने ही किया। आज शंकराचार्य को एक उपाधि के रूप में देखा जाता है, जो समय-समय पर एक योग्य व्यक्ति को सौंपी जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए चार अगल दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। भगवद्गीता, उपनिषदों और वेदांतसूत्रों पर लिखी हुई इनकी टीकाएँ बहुत प्रसिद्ध हैं। इन्होंने अनेक विधर्मियों को भी अपने धर्म में दीक्षित किया था। इन्होंने ब्रह्मसूत्रों की बड़ी ही विशद और रोचक व्याख्या की है।

आदि शंकराचार्य ने हिन्दुओं को संगठित करने के लिए सबसे पहले दक्षिण दिशा में तुंगभद्रा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की। यहां के देवता आदिवाराह, देवी शारदाम्बा, वेद यजुर्वेद और महावाक्य ह्यअहं ब्रह्मस्मिह्व है। सुरेश्वराचार्य को मठ का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके बाद उन्होंने उत्तर दिशा में अलकनंदा नदी के तट पर बद्रिकाश्रम (बद्रीनाथ) के पास ज्योतिर्मठ की स्थापना की जिसके देवता श्रीमन्नारायण तथा देवी श्रीपूर्णगिरि हैं। यहां के संप्रदाय का नाम आनंदवार, वेद अर्थवेद तथा महावाक्य ह्यअयमात्मा ब्रह्मह्व है। मठ का अध्यक्ष तोटकाचार्य को बनाया। पश्चिम में उन्होंने द्वारकापुरी में शारदा मठ की स्थापना की जहां के देवता सिद्धेश्वर, देवी भद्रकाली, वेद, सामवेद और महावाक्य ह्यतत्वमसिह्व है। इस मठ का अध्यक्ष हस्तमानवाचार्य को बनाया। उधर पूर्व दिशा में जगन्नाथ मठ, जहां की देवी विशाला, वेद ऋग्वेद और महावाक्य ह्यप्रज्ञान ब्रह्मह्व है। यहां उन्होंने हस्तामलकाचार्य को मठ का अध्यक्ष बनाया। इस प्रकार शंकाराचार्य ने अपने सांगठनिक कौशल से संपूर्ण भारत को धर्म एवं संस्कृति के अटूट बंधन में बांधकर विभिन्न मत-मतांतरों के माध्यम से सामंजस्य स्थापित किया।

आठ वर्ष की आयु में चारों वेदों में निष्णात हो गए, बारह वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत, सोलह वर्ष की आयु में शांकरभाष्य तथा बत्तीस वर्ष की आयु में शरीर त्याग दिया।

ब्रह्मसूत्र के ऊपर शांकरभाष्य की रचना कर विश्व को एक सूत्र में बांधने का प्रयास भी शंकराचार्य के द्वारा किया गया है, जो कि सामान्य मानव से सम्भव नहीं है। शंकराचार्य के दर्शन में सगुण ब्रह्म तथा निर्गुण ब्रह्म दोनों का हम दर्शन कर सकते हैं। निर्गुण ब्रह्म उनका निराकार ईश्वर है तथा सगुण ब्रह्म साकार ईश्वर है। जीव अज्ञान व्यष्टि की उपाधि से युक्त है। तत्त्वमसि तुम ही ब्रह्म हो; अहं ब्रह्मास्मि मैं ही ब्रह्म हूं; अयामात्मा ब्रह्म यह आत्मा ही ब्रह्म है।

# 10 मई को लगेगी लोक अदालत, सुलह समझौते से निपटेंगे हजारों मामले

**न्याय को मेला, सुलह की सौगात**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायिक परिसर में आगामी 10 मई को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी, सफल और ऐतिहासिक बनाने की कवायद तेज हो गई है। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को पंचम चरण की विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक में सचिव श्रीमती वर्णिका शुक्ला ने बताया कि इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित हजारों वादों के अलावा प्री-लिटिगेशन मामलों, विशेषकर वैवाहिक विवादों, बैंक ऋण, बिजली-पानी बिल विवाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना दावा, उपभोक्ता विवाद और राजस्व संबंधित मामलों के सुलह के आधार पर निस्तारण की पूरी तैयारी कर ली गई है। अध्यक्ष राकेश कुमार त्रिपाठी ने अधिकारियों से आग्रह किया कि अपने विभागों से जुड़े ऐसे मामलों की पहचान कर उन्हें लोक अदालत में लाएं, जिन्हें सुलह के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है। विशेष रूप से प्रत्येक विभाग से अपेक्षा की गई कि संबंधित पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामील कराएं, ताकि अधिकतम उपस्थिति हो सके। इसी क्रम में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी कृष्ण यादव की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक हुई, जिसमें अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक वादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण करने की अपील की गई। उधर, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने वैवाहिक व पारिवारिक वादों के समाधान को अलग प्री-ट्रायल बैठक कर स्पष्ट किया कि लोक अदालत न्यायालयों के बोझ को कम करने का मात्र माध्यम नहीं, बल्कि यह टूटते रिश्तों को जोड़ने और संवाद का पुल बनाने का सुनहरा अवसर है।



आगामी लोक अदालत बैठक में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष

बैठक में प्रमुख रूप से विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) राममणि पाठक, सिंचाई विभाग से गुरू प्रसाद, आरईडी से भागवत प्रसाद मिश्रा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, तहसीलदार राजापुर पारूल सिंह, सीओ राजापुर जयकरन सिंह सहित उद्यान, पंचायतीराज, स्टाम्प, शिक्षा, चकबंदी और नेडा विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# उद्यान विभाग ने खोला योजनाओं का पिटारा फसलें भी बढ़ेंगी, सिंचाई भी सुधरेगी

- किसानों को बड़ी सौगात
- हर खेत में हरियाली व मुनाफा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिले के मेहनतकश किसानों को वर्ष 2025-26 एक नई उम्मीद व समृद्धि की सौगात लेकर आया है। जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडेय ने बताया कि उद्यान विभाग से अनुसूचित जाति-जनजाति किसानों, लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए विभिन्न योजनाओं में बड़े स्तर पर अनुदान व तकनीकी सहायता देने की तैयारी पूरी कर ली गई है। किसानों को बस जरूरत है समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खेतों तक पहुंच सके और उत्पादन कई गुना बढ़ाया जा सके।

औद्यानिक विकास योजना (एससीपी - राज्य सेक्टर) में सब्जी, मसाले व फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर कुल 35 हेक्टेयर से अधिक खेती के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें शंकर लौकी, करेला, तरोई, शंकर टमाटर, शिमला मिर्च, मसाला मिर्च, प्याज, गुलाब और गेंदा जैसी फसलों की खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, अटल भूजल योजना (माइक्रो इरिगेशन) व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- ड्रॉप मोर क्रॉप में भी किसानों को ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर और रेनगन इकाइयों पर भारी अनुदान मिलेगा। लघु और सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत तक और सामान्य किसानों को 65 से 80 प्रतिशत तक अनुदान मिलने की व्यवस्था की गई है। यह योजनाएं न केवल पानी की बचत करेंगी बल्कि उत्पादन को भी दुगना करेंगी।

# तेज रफ्तार ऑटो ने ली बुजुर्ग महिला की जान शंकरगढ़ के पास तोड़ा दम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र के झांसी-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मुरका गांव की निवासी बड़की (पत्नी स्व बरेदी) खेत से घर लौट रही थीं, तभी प्रयागराज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने घायल अवस्था में महिला को सड़क पर पड़ा देखा और तत्काल स्वजन ने एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल बड़की को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में शंकरगढ़ के पास बड़की ने दम तोड़ दिया। उनका परिवार गहरे सदमे में है। मृतका के बेटे हादसे की खबर सुनकर बदहवास हो गए। बरगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और फरार ऑटो चालक की तलाश तेज कर दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सीएम योगी से की मुलाकात

**कार्यकतोओं की लड़ाई को दी आवाज**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर जिले के संगठन से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को पूरी बेबाकी से सामने रखा। इस विशेष मुलाकात में भाजपा नेता मनोज तिवारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

इस मुलाकात का उद्देश्य केवल राजनीतिक रस्मअदायगी नहीं, बल्कि पार्टी के निचले स्तर तक जुड़े समर्पित कार्यकताओं के मान-सम्मान की लड़ाई को नेतृत्व तक पहुंचाना था। जिलाध्यक्ष कोटार्य ने स्पष्ट शब्दों में सीएम से कहा कि जिले में लगातार भाजपा कार्यकताओं का शोषण हो रहा है, उन्हें न केवल प्रशासनिक उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उनका मनोबल भी टूट रहा है। सूत्रों के अनुसार, जिलाध्यक्ष ने कुछ गंभीर घटनाओं का हवाला देते हुए यह भी बताया कि भाजपा का सच्चा सिपाही अगर अपनी आवाज उठाता है तो उसे प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय पर कड़ी कार्रवाई एवं निर्देश देने की मांग की। सीएम योगी ने भी कार्यकताओं की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि ष्पार्टी के हर कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। जिस नींव पर संगठन खड़ा है, उसे ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी।



सीएम योगी से मुलाकात करते भाजपा जिलाध्यक्ष

# हादसे में घायल बुजुर्ग व्यापारी की इलाज के दौरान मौत व्यापारियों में शोक की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्टेशन रोड गांधीगंज निवासी वरिष्ठ व्यापारी राजकिशोर केसरवानी (74) का शुक्रवार सुबह दुखद निधन हो गया। बुधवार रात को गल्ला मंडी से स्कूटी से घर लौटते समय ओवरब्रिज पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यापारी को पहले जिला अस्पताल, फिर बांदा और अंततः लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन तमाम चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

परिजनों ने बताया कि दुर्घटना के बाद सड़क पर बेहोश पड़े रहे, जिन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज बांदा और वहां से लखनऊ भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें जवाब दे दिया। गुरुवार को उन्हें वापस घर लाया गया और शुक्रवार सुबह उनका निधन हो गया। मृत्यु की खबर फैलते ही व्यापारिक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। शहर के प्रमुख व्यापारियों और सामाजिक कार्यकताओं ने उनके आवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। कोतवाल उपेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर ली गई है और तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# रगौली में श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान श्रोताओं ने किया भक्ति में डुबकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रगौली गांव में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भक्ति, श्रद्धा व आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण वातावरण में जारी है। कथा महोत्सव में रामचंद्र तिवारी के आवास पर हो रही इस दिव्य कथा में गुजरात से पधारे कथा व्यास कपिल मुनि मिश्रा ने मनी शंकर तिवारी को श्रोता बनाकर अमृतमयी कथा का रसपान कराया।

कथा के चौथे दिन कपिल मुनि मिश्रा ने सनातन धर्म की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि वेद, पुराण और धर्मशास्त्र ईश्वर तक पहुँचने के सुगम मार्ग हैं, लेकिन इनका अनुसरण करना जीव का कर्तव्य है। कहा कि भक्त ईश्वर से भी बड़े होते हैं, और अंबरीश महाराज जैसी कथाएं यही संदेश देती हैं। उन्होंने सूर्य वंश के प्रतापी राजाओं के प्रसंगों से होते हुए भगवान श्रीराम के जन्म व उनके दिव्य चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। इसके बाद चंद्र वंश व कंस जैसे आततायियों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने हेतु भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा में श्रीकृष्ण के बाल रूप की लीलाएं, नंद-यशोदा की पूर्व जन्म की तपस्या और वरदान की दिव्यता को भी चित्रित किया गया। संगीत में विप्लव श्रीवास्तव (खटवारा) ऑर्गन पर, प्रकाश तिवारी (बांदा) तबले पर और अनिल कुमार (कमासिन) पैड पर संगत कर रहे हैं। आयोजन की व्यवस्था रामचंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष, पत्रकार समाज कल्याण समिति कर रहे हैं। कथा में वरिष्ठ पत्रकार हरी नारायण पाण्डेय, गणेश शुक्ला सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



कथा कहते कथा व्यास कपिल मुनि मिश्रा

## पत्रकार समाज के हैं सबसे सजग प्रहरी : अभिनव राज

**मऊ/चित्रकूट।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर पंचायत मऊ के ब्लू डिजर्ट में एक विचार संगोष्ठी की गई। कार्यक्रम के आयोजक युवा पत्रकार विपुल पांडेय एवं युवा पत्रकार विकास द्विवेदी रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सामाजिकता पर गहन अध्ययन करने वाले पर्यावरण चिंतक युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम में युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज के सबसे सजग प्रहरी हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जो हर साल 3 मई को मनाया जाता है। प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने और उन पत्रकारों को याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने सच को उजागर करने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। यह दिन साल 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था और तब से यह दुनिया भर में मीडिया स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया है। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, पत्रकार पवन रस्तोगी, पत्रकार विकास, पत्रकार विपुल, पत्रकार नरेंद्र खरे, हर्षित, लकी जायसवाल, अर्चित शुक्ला, शुभम द्विवेदी, अंकित त्यौंथा, शादाब गनी, राजू अग्रहरी, प्रकाश, डॉक्टर राजा शुक्ला, श्रेयांश बाजपेई समेत अन्य मौजदू रहे।

# सदगुरु शिक्षा समिति में सामूहिक प्रयासों से चमके छात्रों के भविष्य के सितारे

- सदगुरु शिक्षा समिति का वार्षिक समारोह
- छात्रों को मिली प्रेरणा और सम्मान
- 70 से अधिक छात्रों की शानदार सफलता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदगुरु शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सदगुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल व श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय का वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम शनिवार को सदगुरु सभागार जानकीकुंड में एक भव्य व उत्साहपूर्ण समारोह में घोषित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बीके जैन मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का प्रारंभ गुरु पूजन व दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें सभी अतिथियों ने सदगुरु परंपरा के अनुसार पूजन संपन्न किया। अध्यक्ष शिक्षा समिति श्रीमती उषा जैन ने सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और नियमित अध्ययन की महत्ता समझाई और कहा कि एक सटीक दिनचर्या सफलता की कुंजी है।

विद्यालयों के प्राचार्य शंकर दयाल पांडेय, राकेश तिवारी, सुरेंद्र तिवारी और डॉ तुषारकांत शास्त्री ने क्रमवार कक्षा-वार परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस मौके पर 70 से अधिक छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इन छात्रों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान कर भविष्य के शैक्षिक सत्र के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ बीके जैन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में ट्रस्ट की ओर से छात्रों को अकादमिक, सांस्कृतिक और खेलकूद के क्षेत्र में हरसंभव सहायता और प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उप-प्राचार्य पीसी यादव, विनोद पांडेय, अंजलि भटनागर और शशि शेखर शुक्ला सहित विद्यालयों के शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाया।



छात्रा को सम्मानित करते सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी डॉ बीके जैन

# विवाद के बीच विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की समस्याओं का किया समाधान

- त्वरित कार्रवाई से दिखी नई दिशा
- छात्रों का प्रदर्शन समाप्त

**चित्रकूट।** जिले के जगद्गुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय में हाल ही में हुए विवाद के बाद प्रशासन ने त्वरित और सख्त कदम उठाए हैं, जिससे यह साबित होता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के हित में सक्रिय है। सुरक्षा अधिकारी मनोज पांडेय को तत्काल पद से हटाया गया, और संलिप्त संविदा कर्मचारियों को भी पदमुक्त कर दिया गया। इसके साथ ही, आरोपित वार्डनों को भी उनके पद से हटा दिया गया। यह कदम छात्रों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रशासन ने छात्रों की प्रमुख मांगों को भी त्वरित रूप से स्वीकार किया। उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन और छात्रों के लिए हर 15 दिन में बैठकें आयोजित करने का वादा किया गया। यह बदलाव छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर शिशिर कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया कि छात्र समुदाय को यह भरोसा दिलाया हैं कि विश्वविद्यालय में अब पूरी तरह शांति का माहौल है। आगे बताया हमारे विश्वविद्यालय में नए-नए कोर्स जुडे हैं जिससे लोगों ने षडयंत्र के तरह बच्चों को गुमराह कर विश्वविद्यालय का नाम खराब करने की साजिश कर रहे है।

# पुरा छात्रों की अनूठी पहल : ग्रामोदय विश्वविद्यालय की आईटी लैब को मिला तकनीकी संबल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय की आईटी लैब अब और भी उन्नत हो गई है। पूर्व छात्र समुदाय की अभिनव पहल के तहत डेटा कम्युनिकेशन लैब को अत्याधुनिक कम्प्यूटर, वर्कस्टेशन, राऊटर, फायरवॉल, एक्सेस पॉइंट्स व नेटवर्क स्विच जैसी नेटवर्किंग डिवाइस भेंट की गईं। कुलगुरु प्रो भरत मिश्र ने इसे पुरा छात्रों की प्रेरणादायक भागीदारी बताया। पूर्व छात्र अभिषेक भार्गव, ऋतुराज जैन और अमित सिंह ने न सिर्फ उपकरण भेंट किए, बल्कि दो दिवसीय प्रवास में प्रशिक्षण और प्रायोगिक प्रस्तुति भी दी। 1993-94 सहित विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र लगातार नवाचार व शैक्षणिक सहयोग हेतु वार्षिक सम्मेलन आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ आञ्जनेय पाण्डेय, शिक्षक, स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



ग्रामोदय विश्वविद्यालय की आईटी लैब में पुरा छात्र

# राकेश टिकैत पर हमले से भड़का किसानों का गुस्सा, आर-पार की चेतावनी

**भाजपा का षडयंत्र**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हुए हमले को लेकर देशभर के किसानों में आक्रोश है। भारतीय किसान यूनियन एवं एसकेएम के जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि यह हमला न केवल एक किसान नेता पर है, बल्कि पूरे किसान आंदोलन और उसके नेतृत्व पर सीधा हमला है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना सरकार के षड्यंत्र का हिस्सा है।

देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जनाक्रोश रैली में राकेश टिकैत को साजिश के तहत आमंत्रित किया गया और वहां उन पर असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। हैरानी की बात यह है कि घटना को हुए कई दिन बीत गए लेकिन अब तक न तो आरोपियों की पहचान हुई और न ही कोई कार्रवाई। यह योगी सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। देवेंद्र सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि राकेश टिकैत जैसे राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता सुरक्षित नहीं हैं तो आम किसान खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करेगा? चेतावनी दी कि यह केवल टिकैत पर हमला नहीं, यह संयुक्त किसान मोर्चा व देश के हर उस किसान की आवाज को दबाने की कोशिश है, जो अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है। किसान नेता ने कहा कि यदि दोषियों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय किसान यूनियन आर-पार की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरने को बाध्य होगी।

# बांग्लादेश में एक साल में पत्रकारों पर हमले के 398 मामले दर्ज : रिपोर्ट




**ढाका। बांग्लादेश** में पत्रकारों के उत्पीड़न की लगातार घटनाओं ने देश की नाजुक हालत को एक बार फिर उजागर किया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के नेतृत्व में दक्षिण एशियाई देश कानून व्यवस्था समेत कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।

विश्व 3 मई को 'प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2025' मना रहा है, जिसका विषय है, 'नई दुनिया में रिपोर्टिंग - प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव'।

ढाका स्थित अधिकार समूह ऐन ओ सलिश केंद्र (एएसके) ने अपने हालिया आंकड़ों में खुलासा किया कि अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पत्रकारों पर हमले और उत्पीड़न की कुल 398 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें फरवरी और मार्च में दर्ज 82 घटनाएं भी शामिल है। आंकड़ों से पता चला कि मार्च में 40 घटनाएं, फरवरी में 40 और जनवरी में 20 घटनाएं दर्ज की गईं।

शुक्रवार को एएसके ने हाल ही में तीन टीवी पत्रकारों की बर्खास्तगी, पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के संबंध में कम से कम 137 पत्रकारों को आरोपी के रूप में नामित करने, और इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यकताओं के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

मानवाधिकार संस्था ने कहा, "किसी भी समाज की खूबसूरती उसके नागरिकों के मौलिक अधिकारों की मान्यता में निहित है। जब उन अधिकारों को कानून या प्रभाव द्वारा सीमित किया जाता है, तो इसे उत्पीड़न माना जाता है।"

प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, एएसके ने कहा कि मीडिया और सांस्कृतिक कार्यकताओं की सुरक्षा के लिए अंतरिम सरकार के मौजूदा उपाय अपर्याप्त प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं सुशासन और मानवाधिकारों के विपरीत हैं।

इसके अलावा, प्रमुख मीडिया निगरानी समूह, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की हालिया रिपोर्ट बताती है कि शासन परिवर्तन के बाद, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार से संबद्ध माने जाने वाले लगभग 140 पत्रकारों पर 'प्रदर्शनकारियों की हत्या के अत्यंत गंभीर लेकिन निराधार आरोप' लगे।

आरएसएफ के अनुसार, 25 लोगों पर 'मानवता के विरुद्ध अपराध' का आरोप लगाया गया, जिसके कारण कई लोगों को गिरफ्तारी और कारावास से बचने के लिए छिपना पड़ा।

ढाका यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के पूर्व अध्यक्ष सोहेल हैदर ने एक प्रमुख दैनिक, न्यू एज से बात करते हुए कहा, "कई पत्रकार कथित तौर पर शेख हसीना की सरकार से जुड़े हत्या के मामलों का सामना कर रहे हैं। उनमें से कई भ्रष्टाचार और अन्य अपराधों में शामिल हो सकते हैं। मामले विशिष्ट आरोपों के साथ दर्ज किए जाने चाहिए, लेकिन सामूहिक हत्या के मामलों में नहीं फंसाए जाने चाहिए।"

## दक्षिणी चिली में महसूस किये गये भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी



**सैंटियागो। चिली** के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में शुक्रवार को तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गयी। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है।

चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया।

चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है, जबकि चिली नौसेना की हाइड्रोग्राफिक एवं महासागरीय सेवा (एसएचओए) ने सुनामी की चेतावनी जारी की है, जिसमें मैगलन और चिली अंटार्कटिक क्षेत्र के तटीय निवासियों से सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाने और समुद्र तट पर जाने से बचने का आग्रह किया गया है।

गौरतलब है कि चिली प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित है और यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप आने वाले देशों में से एक है। यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किये जाते हैं।

## क्या डोनाल्ड ट्रंप बनने वाले हैं अगले पोप? सोशल मीडिया पर डाली खुद की तस्वीर

**अमेरिका**

**इस पोस्ट** पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं। कुछ यूजर्स ने इसे मजाकिया पाया, जबकि अन्य ने इसे असंवेदनशील करार दिया। ट्रंप पर पोप फ्रांसिस की मौत का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक द्वारा बनाई गई एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्हें पोप की पोशाक पहने हुए दिखाया गया है। ट्रंप ने अपनी इस टिप्पणी के बाद कहा था कि वह पोप बनना चाहेंगे। इस पोस्ट पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं। कुछ यूजर्स ने इसे मजाकिया पाया, जबकि अन्य ने इसे असंवेदनशील करार दिया। ट्रंप पर पोप फ्रांसिस की मौत का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया। हाल ही में, जब एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वह अगला पोप बनना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, "मैं पोप बनना चाहूँगा। यह मेरी पहली पसंद होगी।"

यह पूछे जाने पर कि उन्हें लगता है कि अगला पोप कौन बनना चाहिए, ट्रम्प ने कहा, "नहीं, मुझे नहीं पता, मेरी कोई प्राथमिकता नहीं है।"

## इजरायली सेना का दावा, यमन से दागी गई दो मिसाइलों को मार गिराया

**यरूशलम। इजरायल** डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने यमन से दागी गई दो मिसाइलों को मार गिराया है।

ताजा घटना में शुक्रवार दोपहर उत्तरी इजरायल में हवाई हमले के सायरन सक्रिय हो गए। आईडीएफ ने कहा कि उसने बैलिस्टिक मिसाइल को निशाना बनाया है और अब वह परिणाम की जांच कर रहा है। अभी तक किसी के घायल होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

इससे पहले शुक्रवार सुबह भी यमन से दागी गई एक मिसाइल को आईडीएफ ने मार गिराया था।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा एमडीए ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है, सिवाय एक व्यक्ति के जो शेल्टर की ओर जाते समय घायल हो गया था।

इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि सुबह की घटना में, इंटरसेप्टर का मलबा उत्तरी इजरायल के किबुत्ज, मिशमार हाएमेक में एक किंडरगार्टन स्कूल से टकराया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इससे पहले 27 अप्रैल को, इजरायल की सेना ने कहा था कि उसने यमन से मृत सागर की ओर लक्षित एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोक लिया था।

पुलिस ने कहा कि मृत सागर क्षेत्र और अरावा क्षेत्र में सायरन बज गए। देश की मैगन डेविड एडोम (एमडीए) बचाव सेवा



ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

इजरायल के चैनल 12 ने बताया कि अप्रैल की शुरूआत से लेकर अब तक हूती ग्रुप द्वारा इजरायल की ओर दागी गई यह 11वीं मिसाइल थी।

इससे पहले 26 अप्रैल को यमन के हूती ग्रुप ने मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसके कारण कथित तौर पर दक्षिणी इजरायल में सायरन बजने लगे थे।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने समूह द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर जारी एक टेलीविजन बयान में कहा कि उसने नेगेव क्षेत्र में इजरायली दुश्मन के नेवातिम एयरबेस को हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके निशाना बनाया जो "सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंच गई"।

## अगर अमेरिका वार्ता चाहता है, तो सदिच्छा दिखाए : चीनी वाणिज्य

**बीजिंग। चीनी** वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि चीन ने इस पर ध्यान दिया है कि अमेरिकी उच्चाधिकारियों ने कई बार चीन के साथ शुल्क के सवाल पर वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की। इसके साथ अमेरिका ने फिलहाल संबंधित पक्षों के जरिए अनेक बार चीन को संदेश भेजने की पहल की और चीन के साथ वार्ता करने की उम्मीद की। इसके प्रति चीन मूल्यांकन कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन का पक्ष पूर्ववत है। अगर अमेरिका शुल्क युद्ध करता है,



तो चीन अंत तक जवाबी कार्रवाई करेगा। अगर अमेरिका वार्ता चाहता है, तो द्वार खुला है। शुल्क और व्यापार युद्ध अमेरिका से एकतरफा तौर पर छेड़ा गया है। अगर अमेरिका वार्ता करना चाहता है, तो उसे सदिच्छा दिखाना और गलती ठीक करने एवं एकतरफा शुल्क वृद्धि रद्द करने आदि मुद्दों पर अच्छी तैयारी करनी और ठोस कदम उठाने चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि चीनी पक्ष यह बल देना चाहता है कि किसी भी संभावित वार्ता में अगर अमेरिका गलत एकतरफा शुल्क कार्रवाई ठीक नहीं करता, तो इससे जाहिर है कि अमेरिका को सदिच्छा नहीं है और दोनों पक्षों के पारस्परिक विश्वास को और नुकसान पहुंचेगा। कथनी और करनी अलग-अलग होने, यहां तक कि वार्ता के बहाने से धमकाने की चेष्टा रखकर चीन के साथ संबंध नहीं सुधारे जा सकते।

## हांगकांग में मई दिवस की छुट्टियों के पहले दिन पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी

**बीजिंग। मई** दिवस की छुट्टियों के पहले दिन, बाहर जाने वाले पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य के रूप में, हांगकांग में यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई, तथा विभिन्न पर्यटक आकर्षण और स्थल लोगों से भरे हुए थे।

हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार के आव्रजन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 1 मई को दोपहर के बाद 4 बजे तक, कुल मिलाकर लगभग 5 लाख 90 हजार लोग हांगकांग में आए और बाहर गए, जिनमें 3 लाख से अधिक लोग हांगकांग में आए, जिनमें 1 लाख 82 हजार से अधिक मुख्य भूमि के पर्यटक शामिल थे।

हांगकांग उद्योग निरंतर सुधार और उन्नयन कर रहा है, हांगकांग के पारंपरिक लाभों को



मजबूत कर रहा है, सेवा मॉडलों में नवीनता ला रहा है तथा हांगकांग आने वाले पर्यटकों के अनुभव और संतुष्टि को बढ़ा रहा है। हांगकांग पर्यटन बोर्ड ने मई दिवस गोल्डन वीक के लिए एक विशेष परामर्श वेबपेज स्थापित किया है, जिसमें पर्यटक आकर्षणों के खुलने का समय, लंबी पैदल यात्रा के सुझाव आदि शामिल हैं। लगभग 19 शॉपिंग मॉल्स ने छूट और कैश बैक ऑफर शुरू किए हैं। कुछ होटलों ने विशाल पांडा थीम वाले सुइट्स लॉन्च किए हैं और संबंधित थीम वाले रेस्तरां आदि भी उपलब्ध कराए हैं। हांगकांग पर्यटन उद्योग प्राधिकरण ने कहा कि छुट्टियों के पहले दिन मुख्य भूमि के पर्यटकों के 258 समूहों ने हांगकांग का दौरा किया, जो एक बहुत ही आदर्श स्थिति थी। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मई दिवस की छुट्टियों के दौरान हांगकांग आने के लिए 8 लाख से अधिक मुख्यभूमि पर्यटक आकर्षित होंगे।

## पकिस्तान की घिग्घी जाम! एक-एक हथियार चलाकर कर रहा है टेस्ट

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने शनिवार को घोषणा की कि उसने 450 किलोमीटर की दूरी तक सतह से सतह तक मार करने में सक्षम ह्यअब्दाली हथियार प्रणालीह्न का सफल परीक्षण प्रक्षेपण किया है। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़े तनाव के बीच यह परीक्षण की है।

एक तरफ पहलगाम में हुए हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच काफी ज्यादा तनाव उत्पन्न हो गया है। पाकिस्तान डरा हुआ बैठा था कि न जाने कब और कैसे भारत हला क दे। वह लगातार अपने देख में चौकन्ना बैठा है और इंतजार कर रहा है कि भारत कैसे हला करेगा। भारत ने पहलगाम के विरोध में कई बड़े कदम उठा और सिंधू जल समझोते को निलंबित कर दिया। अब ताजा अपडेट अनुसार पाकिस्तान के साथ व्यापार भी खत्म किया जा रहा है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के आदेश के अनुसार, पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं होगी। भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। वहीं दूसरी तरह सैन्य कार्यवाही के लिए



पाकिस्तान फड़फड़ा रहा है। वह अपनी बंदूकें चलाने के लिए बैताब है। इसी लिए पिछले 9 दिनों से लगातार नियंत्रण रेखा और बॉर्डर पर बिना उकसावे की फायरिंग कर रहा है। अब अपनी गीदड़ भभकी वाली ताकत भारत को दिखाने कि लिए पाकिस्तान ने अब्दाली हथियार प्रणाली का लालीपोप फेंका हैं। पाकिस्तान ने शनिवार को घोषणा की कि उसने 450 किलोमीटर की दूरी तक सतह से सतह तक मार करने में सक्षम ह्यअब्दाली हथियार प्रणालीह्न का सफल परीक्षण प्रक्षेपण किया है। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़े तनाव के बीच यह परीक्षण की है।

सेना ने एक बयान में कहा, ह्यह्यइस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नौवहन प्रणाली तथा उन्नत गतिशीलता विशेषज्ञताओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों की जांच करना था। सेना ने अभ्यास के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण ह्यह्यअभ्यास इंडस का हिस्सा था। प्रशिक्षण प्रक्षेपण में सेना सामरिक बल कमान के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे।

## अरब यात्रा मेला समाप्त, चीनी इनबाउंड पर्यटन ने आकर्षित किया ध्यान

**बीजिंग। चार** दिवसीय अरब यात्रा मेला गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में समाप्त हुआ। प्रदर्शनी के दौरान, चीनी प्रदर्शनी क्षेत्र द्वारा प्रोत्साहित चीनी इनबाउंड पर्यटन ने ध्यान आकर्षित किया।

परिचय के अनुसार, चीनी प्रदर्शनी क्षेत्र का विषय "हैलो चीन" है तथा इसका ध्यान "चीनी और विदेशी ट्रैवल एजेंटों के बीच मिलान और बातचीत" पर केंद्रित है। इसमें "पर्यटन + संस्कृति", "पर्यटन + विमानन" और "पर्यटन + प्रौद्योगिकी" की तीन प्रमुख




विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है, ताकि चीनी आवक पर्यटन को चौतरफा बढ़ावा दिया जा सके।

चीनी प्रदर्शनी क्षेत्र में, चीनी इनबाउंड पर्यटन से संबंधित कंपनियों ने चीनी इनबाउंड पर्यटन के लिए नवीनतम उत्पादों और सेवाओं को पेश करने के लिए अरब देशों के ट्रैवल एजेंटों के साथ गहन चर्चा और बातचीत की।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## जर्मनी के भावी चांसलर क्या एएफडी पर प्रतिबंध लगाएंगे

**जर्मनी**

**जर्मन** खुफिया एजेंसी ने एएफडी के "चरमपंथी" होने की पुष्टि की है. कई नेता और पार्टियां अब एएफडी पर प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं. जर्मनी में राजनीतिक दल पर क्या प्रतिबंध लग सकता है.

जर्मनी के रुढ़िवादी नेता फ्रीडरिष मैर्त्स के देश का चांसलर बनने से पहले ही एक कठिन सवाल खड़ा हो गया है. धुर दक्षिणपंथी पार्टी अल्टरनेटिव फॉर डॉयचलैंड (एएफडी) को धुर दक्षिणपंथी "चरमपंथी" पार्टी घोषित किया गया है. चांसलर बनने के बाद फ्रीडरिष मैर्त्स को यह फैसला करना होगा कि क्या पार्टी पर प्रतिबंध लगाया जाए.

एएफडी के कई आलोचकों की दलील है कि चुनावों में सफलता हासिल कर रही पार्टी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि यह उदारवादी लोकतंत्र के लिए खतरा है. पार्टी के बारे में इन रायों को जर्मन खुफिया एजेंसी की ताजा रिपोर्ट से और बल मिल गया है.

जर्मन खुफिया एजेंसी बीएफवी ने कई सालों की छानबीन के बाद शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है. बीएफवी ने एएफडी को एक चरमपंथी गुट करार दिया है. ये रिपोर्ट मध्य वामपंथी चांसलर ओलाफ शॉल्त्स की सरकार का कार्यकाल खत्म होने के ठीक पहले आई है.

बहुत से जर्मन लोग अब भी एएफडी पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ हैं. उनकी दलील है कि इससे देश की वह 20 फीसदी जनता सरकार की निर्णाय प्रक्रिया से बाहर हो जाएगी जिसने फरवरी के चुनाव में एएफडी को वोट दिया है. इसके




साथ ही यह आशंका भी मजबूत है कि इससे पार्टी खुद को शहीद जैसा दिखाकर लोगों की सहानुभूति बटोरेगी.

देश के बाहर से भी विरोध

मैर्त्स को इस कदम पर देश के बाहर से भी विरोध झेलना पड़ सकता है. खासतौर से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का जिन्होंने बीएफवी के फैसले की आलोचना की है. ट्रंप इससे पहले भी एएफडी का बचाव करते रहे हैं.

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने जर्मनी पर "बर्लिन की दीवार" दोबारा बनाने का आरोप लगाया है. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी इसे "बदले वेष में उत्पीड़न" बताया और कहा "जर्मनी को यह प्रक्रिया वापस लेनी चाहिए."

पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की मांग बीते कई सालों से जोर पकड़ रही है. हालांकि इसके दुष्परिणामों की चेतावनी और इस तरह के कदम उठाने में कानूनी मुश्किलों का भी जिक्र खूब होता है. एएफडी के वरिष्ठ सांसद बियाट्रिक्स फॉन स्टोर्क ने शुक्रवार को दलील दी, "एएफडी के लिए हर एक वोट अब हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी वोट है."

चरमपंथी पार्टी का दर्जा

बीएफवी ने शुक्रवार को एएफडी के चरमपंथी गुट होने की "पुष्टि" कर दी. खुफिया एजेंसी ने इसके पीछे, "विदेशी लोगों को नापसंद करना, अल्पसंख्यक विरोधी, इस्लाम का डर दिखाना और पार्टी के नेताओं के मुस्लिम विरोधी बयानों" का हवाला दिया है.

बीएफवी से यह दर्जा मिलने के मतलब है कि अधिकारियों को पार्टी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए और ज्यादा अधिकार मिल जाएंगे. इसमें पार्टी के नेताओं को फोन टेप करना और अंडरकवर एजेंटों की तैनाती जैसे कदम शामिल हैं.

जर्मनी की कार्यवाहक सरकार में गृहमंत्री नैंसी फेजर का कहना है कि एएफडी अपने नारों में, "आप्रवासी मूल के जर्मन नागरिकों के साथ दोयम दर्जे के नागरिक के समान व्यवहार करती है. इसका राष्ट्रवादी रुख खासतौर से आप्रवासियों और मुसलमानों के खिलाफ इसके बयानों से साबित होता है।